दैनिक
बढ़ता राजस्थान
जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा से एक साथ प्रकाशित
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 14 | अंक : 225 जयपुर | गुरुवार, 20 जून, 2024 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

जम्मू-कश्मीर के हादीपोरा में एनकाउंटर में दो आतंकी मारे

दो सुरक्षाकर्मी भी घायल

बढ़ता राजस्थान

श्रीनगर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच एनकाउंटर हुआ। हादीपोरा इलाके में दो आतंकी मारे गए हैं, जबकि स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप का एक जवान और एक पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। हादीपोरा में पुलिस और सेना की जॉइंट टीम ने आतंकियों को ढूंढने के लिए एक सर्च ऑपरेशन चलाया था। जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों की छिपने की संदिग्ध जगह तक पहुंचे, आतंकियों ने उन पर फायरिंग शुरू कर दी।

इससे पहले सोमवार की सुबह बांदीपोरा में सुरक्षाबलों ने आतंकी एलईटी कमांडर उमर अकबर लोन उर्फ जाफर को मार गिराया। वो पट्टन का रहने वाला था। इलाके में 2 से 3 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। उनकी तलाश के लिए सेना का ऑपरेशन जारी है। अरागाम के जंगलों में रविवार को फायरिंग की आवाज सुनाई दी। इसके बाद सेना और पुलिस ने सर्चिंग की। सोमवार सुबह तलाशी तेज की गई तो आतंकवादियों ने गोलीबारी की थी। ड्रोन फुटेज में मारे गए आतंकी जाफर का शव जंगल में पड़ा नजर आया था।

रियासी हमले की जांच एनआईए को सौंपी गई

9 जून को रियासी में तीर्थयात्रियों की बस पर हुए आतंकी हमले की जांच एनआईए को सौंप दी गई है। गृह मंत्रालय के आदेश के बाद इस केस में नई एफआईआर दर्ज की गई है। 16 जून को ही गृह मंत्री ने जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मीटिंग की जिसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

लगातार दूसरे दिन जयपुर के स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। एक दिन पहले पारीक कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी के बाद बुधवार को जयपुर के चांदपोल पर स्थित पारीक स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी भरे मेल में लिखा था कि बम कभी भी फट सकता है। सब जल कर राख हो जाओगे। मेल सुबह करीब 9 बजे स्कूल प्रशासन को मिला था, जिस पर पुलिस को जानकारी दी गई थी। सूचना मिलने पर बम निरोधक दस्ता, पुलिस लाइन से जाब्ता, एटीएस और एसओजी के साथ क्यूआरटी की टीम भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने पूरे परिसर को खाली कराया। सर्च करना शुरू किया।

स्कूल को जो मेल मिला वो अंग्रेजी में लिखा हुआ है। धमकी भरे मेल में लिखा था कि स्कूल में विस्फोटक छिपाए गए हैं, बम जल्द ही फूटेंगे। तुम सब मर जाओगे। बम कभी-भी फट सकता है। मुझे आशा है कि आप सभी जल कर राख हो जाओगे।

36 घंटे में तीसरी धमकी मिली

मंगलवार को भी जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इसके बाद तीन घंटे पुलिस ने सर्च किया था। सर्च खत्म होते ही जयपुर एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिली थी। पुलिस टीमें एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गई थीं। अब बुधवार सुबह फिर पारीक स्कूल में बम का मेल मिला है। पुलिस को इस मेल करने वाले की पुख्ता जानकारी नहीं मिल रही।

साइबर सेल जांच में जुटी

जयपुर पुलिस अब तक मेल करने वाले को सर्च नहीं कर पाई हैं। पुलिस का कहना है कि मेल करने वाले के सिस्टम का आईपी एड्रेस ट्रेस नहीं हो पा रहा हैं। राजस्थान पुलिस की साइबर सेल इस पर काम कर रही हैं।

जेजेएम घोटाला: ठेकेदार के पास मिली 7.50 करोड़ की संपत्ति को सीज करने की तैयारी में ईडी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जल जीवन मिशन (जेजेएम) में भ्रष्टाचार के मामले में प्रवर्तन निदेशालय गिरफ्तार आरोपियों की संपत्ति सीज कर सकती है। इसे लेकर पीएचईडी ठेकेदार पदमचंद जैन की संपत्ति के रिकॉर्ड लिए गए हैं। ईडी पदमचंद जैन की जयपुर में स्थित पांच प्रोपर्टी तक पहुंच चुकी है। जो कुल 7.50 करोड़ से ज्यादा की है।

राजस्व और जिला प्रशासन से भी रिकॉर्ड लेकर इस पर काम किया जा रहा है। वहीं, 5 दिन की रिमांड खत्म होने के बाद ईडी की विशेष कोर्ट ने पदमचंद जैन को जेल भेज दिया है। बता दें कि ईडी ने आरोपी ठेकेदार और श्री श्याम ट्यूबवेल के संचालक पदमचंद जैन को 14 जून को गिरफ्तार कर 5 दिन की रिमांड पर लिया था। दरअसल, ईडी ने जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) कानून में कार्रवाई की है। ईडी अब इस मामले से जुड़े तारों को जोड़ने का प्रयास कर रहा है। ईडी ने गत 5 दिन इस मामले में कथित मास्टर माइंड पदमचंद जैन से कड़ी पूछताछ कर कड़ियां जोड़ने का काम किया है।

खातों में 136 करोड़ का लेनदेन मिला

ईडी को पूछताछ में अन्य लोगों की भूमिका का पता चल चुका है। पदमचंद जैन के खातों में करीब 136.41 करोड़ के लेनदेन को भी खंगाला गया है। इससे ईडी को एक बड़ी लीड मिली है। ईडी इस मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ओर से दर्ज एफआईआर को आधार बना कर पीएमएलए कानून में कार्रवाई कर रही है।

क्या है पूरा मामला-राजस्थान PHED विभाग में अलवर के बहरोड़ में पोस्टेड एक्सईएन मायालाल सैनी, नीमराणा में पोस्टेड जेईएन प्रदीप के साथ रिश्वत देने वाले ठेकेदार पदमचंद जैन और कंपनी के सुपरवाइजर मलकेत सिंह को एसीबी टीम ने 7 अगस्त को गिरफ्तार किया था।

बजट की तैयारी बैठक में निजी डॉक्टरों ने बताया चिरंजीवी योजना को शताब्दी की सबसे असफल योजना

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। कांग्रेस सरकार की चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना को निजी अस्पतालों ने इस सदी की सबसे अव्यवहारिक, अलोकतांत्रिक और असफल योजना करार दिया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मंगलवार को सीएमओ में आयोजित हुई प्री-बजट बैठक में राजस्थान डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से यह बातें कही गईं। इस बैठक की डिटेल बुधवार को सामने आई है।

दरअसल, सीएम भजनलाल ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की थी। इसमें एसोसिएशन की ओर से कहा गया कि चिरंजीवी योजना की असफलता के कारण ही जनता ने कांग्रेस सरकार को सिरे से नकार दिया है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष सर्वेश शरण जोशी ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (चिरंजीवी का बदला हुआ नाम) में निजी अस्पतालों को देय राशि बढ़ाने का सुझाव रखा। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता की चिकित्सीय सेवाओं पर मूल्य का प्रतिबंधन एक-दूसरे के खिलाफ है। एसोसिएशन की ओर से अपने सुझावों में कहा गया कि योजना में निजी अस्पतालों को मुफ्त इलाज के बदले जो राशि दी जाती है, वो बेहद कम है। ऐसे में राजस्थान में निजी अस्पताल ठीक से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। इससे राजस्थान में जो मेडिकल टूरिज्म बढ़ रहा था, वो अब रिवर्स होने लगा है। इसका उदाहरण स्वयं अशोक गहलोत हैं, जिन्होंने अपने हर्निया का ऑपरेशन मुंबई में एक प्रतिष्ठित अस्पताल में कराया क्योंकि चिरंजीवी योजना में हर्निया के ऑपरेशन पर निजी अस्पतालों को 13 से 17 हजार रुपए का भुगतान किया जाता है, जो अपने आप में हास्यास्पद है।

चिरंजीवी योजना नहीं होती तो घर बिक जाते, डॉक्टर झूठ बोलकर पेशे को बदनाम न करें: गहलोत

इस पर पूर्व मुख्यमंत्रील अशोक गहलोत ने चिकित्सकों पर पलटवार किया है। गहलोत ने प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टरों पर झूठ बोलकर अच्छी योजना और मेडिकल के पवित्र पेशे को बदनाम करने का आरोप लगाया है। गहलोत ने सोशल मीडिया में बयान जारी कर तल्ख अंदाज में पलटवार किया है। गहलोत ने एक्स पर लिखा- कल बजट पूर्व चर्चा में किसी डॉक्टर का मेरे ऑपरेशन पर तथ्यात्मक रूप से गलत बयान मीडिया के माध्यम से जानकारी में आया है। मेरा हर्निया का ऑपरेशन फरवरी 2019 में हुआ था, जबकि चिरंजीवी योजना मई 2021 से शुरू हुई थी। मेरी आर्टरी में ब्लॉकेज, पैरों के अंगूठों में फ्रेक्चर और कोविड के बाद हैप्पी हाइपोक्सिया होने पर इलाज एसएमएस अस्पताल में ही हुआ।

पीएम बोले- किताबें भले जल जाएं, ज्ञान नहीं मिटता

नालंदा सिर्फ नाम नहीं, पहचान है, एक सम्मान है; यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का किया उद्घाटन

नालंदा (बढ़ता राजस्थान)

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को 1749 करोड़ रुपए से बने नालंदा यूनिवर्सिटी के नए कैंपस का उद्घाटन किया। उन्होंने 21 मिनट तक कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण करने के बाद पहले 10 दिनों में ही नालंदा आने का मौका मिला है। यह मेरा सौभाग्य तो है ही, मैं इसे भारत की विकास यात्रा के एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल एक नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा इस सत्य का उद्घोष है कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं, लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं।

कार्रवाई और विरोध जारी : दूसरे दिन 50 से ज्यादा मकान-दुकानों पर चला बुलडोजर

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर के मानसरोवर इलाके की 27 कॉलोनियों में जयपुर विकास प्राधिकरण के दस्ते ने दूसरे दिन बुधवार को भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हाईकोर्ट के आदेश पर क्षेत्र की सड़क चौड़ी करने के लिए अवैध निर्माण तोड़े जा रहे हैं। अभियान के दूसरे दिन भी शुरुआत में जेडीए और पुलिस अधिकारियों को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। करीब तीन घंटे चली कार्रवाई में 50 से ज्यादा अवैध निर्माण तोड़े गए।

इनमें मकान-दुकानें व अन्य स्ट्रक्चर शामिल हैं। कार्रवाई के दौरान जेडीए पर भेदभाव व मनमानी के आरोप भी लग रहे हैं। लोगों का कहना है कि सभी के खिलाफ समान कार्रवाई होनी चाहिए। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। किसी के अवैध निर्माण को छोड़ा जा रहा है, किसी का हटाया जा रहा है। कई घरों से सामान भी निकालने का मौका नहीं दिया गया। वहीं, जेडीए ने सभी आरोपों को गलत बताया है। अधिकारियों का कहना है कि अवैध निर्माण तोड़ने से एक महीने पहले ही नोटिस दिए गए थे।

घर छोड़कर जाने को मजबूर लोग

वंदे मातरम मार्ग पर पिछले 15 साल से अपने परिवार के साथ रहने वाले राजेंद्र चौधरी ने बताया कि जेडीए ने आनन-फानन में इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है। मैं अपने परिवार के साथ सालों से यहां रह रहा था। लेकिन हमें महज कुछ वक्त की मोहलत दी गई। इसकी वजह से मैं अपने घर का कीमती सामान तक बाहर नहीं निकल पाया हूं। इस घर में मेरे परिवार की खूबसूरत यादें जुड़ी हुई थीं। अब जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्रवाई से मेरे घर का 16 फीट हिस्सा सड़क में आ जाएगा। इसमें रहना काफी मुश्किल होगा। ऐसे में अब फिर परिवार के साथ गांव जाकर बसूंगा। ताकि अपने परिवार को एक सही घर में रख सकूं।

जेडीए ने 27 कॉलोनियों से हटाया अवैध निर्माण

राहुल 54 साल के हुए, कांग्रेस मुख्यालय में जन्मदिन मनाया

खड़गे ने हाथ पकड़कर केक कटवाया, प्रियंका बोलीं- मेरे दोस्त-मार्गदर्शक बने रहना

बढ़ता राजस्थान

दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 19 जून को अपना 54वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राहुल गांधी ने दिल्ली स्थित कांग्रेस दफ्तर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर केक भी काटा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेताओं ने बुधवार को पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन के अवसर पर बधाई दी और उन्हें कमजोरों की आवाज, संविधान के प्रति अटूट आस्था रखने वाला तथा सत्ता को सच का आईना दिखाने वाला बताया। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्क में राहुल को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि हमेशा मेरे दोस्त बने रहना। उन्होंने राहुल को अपना सहयोगी तर्कशील मार्गदर्शक, दार्शनिक बताया।

राजस्थान में गर्मी से 9 मौत, आज बारिश की संभावना

अकेले अलवर में सात ने तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। प्रदेश में लू और उमस से लोग परेशान हैं। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में गर्मी और लू से 9 लोगों की मौत हो गई। अलवर में गर्मी से 7 लोगों ने दम तोड़ दिया। सीकर में एक महिला सहित दो लोगों की जान चली गई। पश्चिमी राजस्थान के बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर तप रहे हैं। यहां तापमान सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान श्रीगंगानगर जिले में 44.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पिलानी, चूरू, बीकानेर, जयपुर, अलवर, भरतपुर, चित्तौडगढ़, धौलपुर, हनुमानगढ़ और करौली में भी तेज गर्मी रही और लू चली। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार से प्रदेश के 13 जिलों में मौसम बदलने की संभावना है।

अलवर में 24 घंटे में 7 मौतें

अलवर में गर्मी के कारण तबीयत बिगड़ने से पिछले 24 घंटे में 7 लोगों की मौत हुई है। 24 साल के युवक कृष्णाराम पुत्र जीवनाराम की सोमवार को गर्मी से तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल लाने से पहले उल्टियां हुई थी। इलाज के दौरान मंगलवार देर रात उसकी मौत हो गई। वह चरवाहा था। अलवर में शिशु अस्पताल की पार्किंग में मंगलवार रात एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में मिला। वह पार्किंग में बैठा था। अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को कटला पेट्रोल पंप के पास एक थड़ी के नीचे अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। जिसकी उम्र 35 साल है। खैरथल सीएचसी में मंगलवार को गर्मी के कारण बीमार दिव्यांग धर्मेंद्र (48) को भर्ती करवाया गया था। उन्हें अलवर के जिला अस्पताल में रेफर किया गया था। यहां उनकी मौत हो गई। शीतल बडौदामेव के

कानोर गांव निवासी राजंती (80) की दोपहर को तबीयत बिगड़ गई थी। अलवर जिला अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। बेटे रामफूल ने बताया कि गर्मी के कारण अचानक तबीयत बिगड़ी थी। अलवर जेल परिसर में गर्मी के कारण कैदी नेमीचंद (61) ने दम तोड़ दिया। अलवर रेलवे स्टेशन के पास बुधवार को हीटवेव के कारण तबीयत बिगड़ने पर 40 साल की व्यक्ति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अलवर लेकर आए। एक घंटे बाद उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नहीं हुई है।

रिहायशी इलाके में तीन मंजिला मकान में लगी आग, नीचे बना रखा था रंग-पेंट का गोदाम

- आग से पडोस के दो मकानों को भी पहुंचा नुकसान
- पन्द्रह दमकल और पांच टैंकरों की मदद से पांच घंटे में पाया आग पर काबू

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। दुर्गापुरा में स्थित रघु विहार कॉलोनी में बुधवार सुबह एक मकान में आग लग गई। मकान मालिक ने इसे रंग-पेंट का गोदाम बना रखा था। इसमें परिवार भी गोदाम रहता था। गनीमत रही कि आग लगने से कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर दमकल विभाग ने करीब 15 दमकल और 5 टैंकरों की मदद से करीब पांच घंटे से अधिक समय में आग पर काबू पाया। आग से दो अन्य मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। आग के बाद उठे धुएं से आस-पास रहने वाले लोगों को सांस लेने में तकलीफ का सामना करना पड़ा।

पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह करीब 10 बजे दुर्गापुरा में स्थित रघु विहार कॉलोनी में तीन मंजिला मकान में बने रंग-पेंट के गोदाम में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। आग मकान की दूसरी मंजिल तक पहुंच गई। आग से पडोस के दो मकान को भी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस प्रशासन और दमकल विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और करीब 15 दमकल तथा 5 टैंकरों की मदद से करीब पांच घंटे में आग पर काबू पाया जा सका। एहतियात के तौर इलाके की विद्युत आपूर्ति को बंद करवाने के साथ आस-पास के कुछ मकानों को खाली करवा लिया गया। घटना रघु विहार कॉलोनी में प्लॉट नंबर 57 की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कॉलोनी में पिछले कई समय से मकान को गोदाम बनाकर काम किया जा रहा था। इस मकान में पेंट और थिनर जैसे ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे। तीन मंजिला इमारत देखते ही देखते आग की चपेट में आ गई।

आग की सूचना मिलने पर दमकल के अधिकारी और एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा मौके पर पहुंचे। दमकल की 15 गाड़ियां मानसरोवर, 22 गोदाम, बनीपार्क, मालवीय नगर से मंगवाई गई। आग बुझाने के लिए फॉम का भी इस्तेमाल किया गया। आग सबसे पहले बेसमेंट में लगी।

जो पहली मंजिल तक पहुंची। फिर दूसरी मंजिल भी चपेट में आ गई। इसके बाद आग पड़ोस में रहने वाली डीपीआर डिप्टी डायरेक्टर रजनीश शर्मा के घर तक पहुंची। उनके घर को खाली करवाया गया। आसपास के दूसरे घर भी खाली करवाए गए।

एसीपी मानसरोवर संजय शर्मा ने बताया कि रघु विहार कॉलोनी में प्लाट नंबर 57 में ज्वलनशील पदार्थ रखे हुए थे, जो कॉलोनी में रखना या गोदाम बनाना गैर कानूनी है।

आग के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास के कुछ मकान आग से प्रभावित हुए हैं। पड़ोसी रजनीश शर्मा ने बताया कि उनकी दीवार आग की चपेट में आने से डैमेज हुई है। उनका एसी और अन्य उपकरण भी आग के चलते प्रभावित हुए। कॉलोनी में इस तरह के ज्वलनशील पदार्थ रख कर व्यापार करना गलत है।

मकान मालिक के खिलाफ दर्ज हो सकता है मामला

सीएफओ गौतम लाल ने बताया कि तीन मंजिला मकान के अलावा पड़ोस के मकान के नीचे के हिस्से को भी मकान मालिक ने गोदाम बना रखा था। आरोपी ने उस मकान को भी ले रखा था।

आग का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। आग बुझाने के लिए अलग-अलग स्थानों से 15 दमकलों के साथ पानी के टैंकरों की मदद लेनी पड़ी। आग से कुछ अन्य मकानों को कुछ नुकसान पहुंचा है। आग लगने के बाद समय रहते मकान मालिक और उसका परिवार बाहर निकल आया। यह मकान एम के माहेश्वरी का है। सीएफओ का कहना है कि इस मामले में मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करवाया जा सकता है।

दमकलकर्मियों ने जान जोखिम में डालकर निकाले सिलेण्डर, पेंट के डिब्बों में होते रहे धमाके

गोदाम में आग लगते ही मकान मालिक ने परिवार के साथ मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब इसमें विफल रहे तो पुलिस को सूचना देकर वहां से दूर चले गए। आग लगने से पेंट के डिब्बे धमाकों के साथ एक-एक कर फटने लगे। इससे लगातार आग तेज होती जा रही थी। गोदाम में ही तीन सिलेण्डर भी रखे थे जिन्हे दमकलकर्मी राजू यादव और विनोद मीणा ने अपनी जान जोखिम में डालकर बाहर निकाला।

जीकेबी ऑप्टिकल्स ने जयपुर में किया आईवियर स्टोर का शुभारंभ

लक्जरी एवं इन-हाउस ब्रांड और आँखों की अत्याधुनिक जांच की पेशकश करेगा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जीकेबी ऑप्टिकल्स ने जयपुर के सबसे बड़े आईवियर स्टोर का शुभारंभ किया है। स्टोर में तरह-तरह के 60 से ज्यादा ब्राण्ड्स के आईवियर हैं। इसका इन-हाउस सेगमेंट उन लोगों की जरूरतें पूरी करने के लिये है, जिन्हें आकर्षक एवं आधुनिक उत्पाद चाहिये। उसके कुछ ग्लोबल ब्राण्ड्स में शामिल हैं टॉमफोर्ड, डिटा, चॉपराड, मेबाच, बरबेरी और वर्सासे, आदि। स्टोर का आधिकारिक उद्घाटन डायरेक्टर ऑफ ब्राण्ड्स और इस शानदार व्यवसाय की तीसरी पीढ़ी प्रियंका गुप्ता ने किया। स्टोर के लॉन्च में जाने-माने सामाजिक लोग, धनाढ्य, संभ्रांत लोग और सोशल मीडिया क्रियेटर्स भी मौजूद थे। जयपुर मालवीय नगर जैसी प्रमुख जगह पर मौजूद यह स्टोर 1500 वर्गफीट में फैला है। यह आईवियर के लिये खूबसूरत विकल्पों की तलाश कर रहे ग्राहकों की जरूरतें पूरी करेगा। यहाँ एक ही जगह पर अंतर्राष्ट्रीय एवं लग्जरी ब्राण्ड्स का बेहतरीन कलेक्शन मिलेगा। स्टोर का इंटीरियर्स बेहद सुंदर है। यहां पर खरीदारी करने से पहले ग्राहकों को बड़े ही आनंददायक माहौल में उत्पादों के बारे में जानने का मौका मिलेगा। जीकेबी ऑप्टिकल्स में प्रशिक्षित पेशेवरों की नियुक्ति की गई है और इसने ग्राहकों की निजी आवश्यकताओं को समझने का पूरा प्रयास किया है। इसी के मुताबिक उत्पादों और सेवाओं को व्यक्तिपरक बनाया गया है। निजी अनुभव एवं सुविधा सुनिश्चित करने के लिए स्टोर में आँखों के परीक्षण की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजीज और आईवियर की खरीदारी के लिए सुकूनदायक माहौल है।

जीकेबी ऑप्टिकल्स में डायरेक्टर ऑफ ब्रांड प्रियंका गुप्ता ने कहा, ''हमें जयपुर में अपने तीसरे स्टोर का शुभारंभ करके खुशी हो रही है। उपभोक्ताओं की लगातार बदलती जरूरतों के बीच ऑफलाइन रिटेल के क्षेत्र में हमारी सफलता का राज़ ग्राहकों को एक्सपेरिएंशल शॉपिंग उपलब्ध कराने में हमारी क्षमता है।

निर्जला एकादशी पर 151 किलों गन्ने का ज्यूस वितरण

सोसाईटी के कई पदधिकारी रहें मौजूद

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। बनीपार्क में स्थित श्रीराम मंदिर के पास महाराजा अपार्टमेंट के बाहर निर्जला एकादशी पर्व पर सोसाईटी के अध्यक्ष प्रदीप माहेश्वरी व हर्ष माहेश्वरी ने 151 किलों गन्ने के ज्यूस का वितरण किया। जिसकी शुरुआत गणेश वंदना से कि गई। ज्यूस वितरण के समय रोड पर जाम नहीं लगे,इसके लिए तीनों टीमें बनाई गई। जिसमें एक टीम ने राहगीरों को व दूसरी टीम ने वाहनों को साइड में लगवा कर ज्यूस वितरण किया। इसी के साथ तीसरी टीम ने रोड पर खाली गिलासों का कचरा नहीं फैले इसके लिए खाली गिलासों को बड़े डेस्टबीन में डलवाया और नगर निगम के कर्मचारियों की मदद से तुरन्त उन्हे कचरा डिपो में भिजवाया। इस मौके पर सोसाइटी के कपिल गुप्ता,नीरज सांगानेरिया,पूनम तापड़िया,सिद्धार्थ तापड़ियां ,राकेश अगरिश सहित कई पदधिकारी मौजूद रहें।

फ्लिपकार्ट ने जयपुर में खोला अपना ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर

अपनी प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी स्लॉट चुन सकेंगे उपभोक्ता

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने उपभोक्ताओं को उनकी प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी स्लॉट उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देने के लिए जयपुर, राजस्थान में अपना नया ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर खोला है। राज्य में फ्लिपकार्ट के इस पहले ग्रॉसरी एफसी से ऑनलाइन ग्रॉसरी को लेकर उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग को ज्यादा तेजी से पूरा करने में मदद मिलेगी, साथ ही पूरे राज्य में इस सेवा को विस्तार दिया जा सकेगा। स्थानीय ग्राहकों को लेकर व्यापक समझ का लाभ लेते हुए नए एफसी के माध्यम से अनाज, खाद्यान्न, पेय पदार्थों, स्नैक्स, पर्सनल केयर और हाउसहोल्ड क्लीनिंग एड सेगमेंट में 5000 से ज्यादा उत्पादों में से चुनने का मौका मिलेगा। इन उत्पादों में गेंडा, सरस, गोवर्धन, महाकोश, राजधानी, देसी चॉइस, लक्ष्मी भोग, टैगोर व अन्य लोकप्रिय स्थानीय ब्रांड शामिल हैं। इससे राज्य के विभिन्न उपभोक्ताओं की अलग-अलग मांगों को पूरा करना संभव होगा।

69000 वर्ग फीट में फैले इस सेंटर की क्षमता जयपुर व इसके पड़ोसी शहरों जैसे बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर और कोटा में रोजाना 6,500 ऑर्डर डिस्पैच करने की है। इस एफसी से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से 600 से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित होंगे, साथ ही कई छोटे कारोबारियों, एमएसएमई और स्थानीय कृषक समुदाय का जीवन स्तर सुधरेगा। यह लॉन्चिंग उपभोक्ताओं को उनकी प्राथमिकता के आधार पर डिलीवरी स्लॉट चुनते हुए गुणवत्तापूर्ण ग्रॉसरी की विविध रेंज तक पहुंच में सक्षम बनाने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता को दिखाती है।

जयपुर से सांसद मंजू शर्मा ने कहा, 'राजस्थान में फ्लिपकार्ट का पहला ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर हमारे राज्य के डिजिटल एवं आर्थिक विकास की दिशा में उल्लेखनीय पड़ाव है। हमें खुशी है कि राज्य में फ्लिपकार्ट की आपूर्ति श्रृंखला के इस विस्तार से स्थानीय उपभोक्ताओं को आवश्यक उत्पाद ज्यादा तेजी से एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही, यह स्थानीय एमएसएमई और किसानों को भी सशक्त करेगा, जिससे पूरी स्थानीय अर्थव्यवस्था में आजीविका के अवसर बढ़ेंगे।

फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, 'फ्लिपकार्ट ग्राहकों को प्राथमिकता देने वाली कंपनी है।

हम गुणवत्तापूर्ण ग्रॉसरी उत्पादों को लेकर उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने और ज्यादा मांग वाली जगहों की पहचान करने के लिए स्थानीय स्तर पर विकसित अपनी टेक्नोलॉजी का लाभ लेते हैं। जयपुर में पहले ग्रॉसरी फुलफिलमेंट सेंटर की लॉन्चिंग राजस्थान में डिलीवरी सर्विस को बेहतर करने और ऑनलाइन ग्रॉसरी को लेकर ग्राहकों की बढ़ती मांग को पूरा करने की दिशा में हमारा उल्लेखनीय प्रयास है।

पीएचईडी का सहायक अभियंता एवं वरिष्ठ सहायक तीस हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय की जयपुर नगर-प्रथम टीम ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय सहायक अभियंता खण्ड-अष्ठम जयपुर दक्षिण सिविल लाइन्स, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग जयपुर के सहायक अभियंता ब्रज किशोर डेनवाल एवं वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार शर्मा को पानी का कनेक्शन जारी करने की एवज में परिवादी से तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है।

भष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी मुख्यालय को एक शिकायत मिली कि उसका पानी का कनेक्शन जारी करने की एवज में वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार शर्मा सहायक अभियंता ब्रजकिशोर डेनवाल के नाम पर साठ हजार रुपये की रिश्वत राशि मांग कर रहा है। परिवादी के विनय के पश्चात आरोपी पचास हजार रुपये की रिश्वत पर सहमत हुए हैं। एसीबी जयपुर नगर-प्रथम टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में एसीबी की टीम ने ट्रेप की कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता ब्रज किशोर डेनवाल एवं वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार शर्मा को तीस हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि पीएचईडी का सहायक अभियंता एवं वरिष्ठ सहायक द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से बीस हजार रुपये की रिश्वत के रूप में वसूल चुके है।

गोविंद देवजी मंदिर में ज्येष्ठाभिषेक 22 को

साल में इसी दिन होता है जुगल जोड़ी का एक साथ अभिषेक

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। ज्येष्ठ पूर्णिमा शानिवार, 22 जून को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी और राधा रानी का एक साथ जुगल अभिषेक होगा। वर्ष में केवल एक बार ही इसी दिन ठाकुरजी और राधा रानी का एक साथ अभिषेक होता है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर राधाजी के विग्रह को दूसरे कक्ष में प्रतिष्ठित कर दिया जाता है, केवल ठाकुरजी का ही अभिषेक दर्शन होता है। इसी प्रकार राधाष्टमी को राधा जी के विग्रह को ठाकुरजी के विग्रह से आगे लाकर अभिषेक किया जाता है। इस दौरान ठाकुरजी के दर्शन नहीं होते। वर्ष में ज्येष्ठ पूर्णिमा को ही ठाकुरजी और राधाजी का एक साथ अभिषेक किया जाता है। श्री माध्व गौड़ीय संप्रदाय में इस जुगल अभिषेक दर्शन बहुत ही दुर्लभ बताया गया है।

गोविंद देवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में दोपहर को साढ़े बारह बजे जल यात्रा झांकी के दर्शन होंगे। ठाकुरजी और राधा रानी सफेद सूती पोशाक में पुष्प श्रृंगार में दर्शन देंगे। पांच मिनिट बाद झांकी के पट मंगल होंगे। इस अवधि में ज्येष्ठाभिषेक की तैयारी की जाएगी। दुबारा पट खुलने पर ठाकुरजी को पांच तरह के फल, पांच तरह का दाल बिजोना, पंच मेवा, ठंडाई और लड्डू का भोग लगाया जाएगा। जुगलवर के अभिषेक के दौरान चांदी की होदी को आगे से टाटी से ढक दिया जाएगा जिससे ठाकुरजी और राधा रानी के केवल मुखारविंद के ही दर्शन होंगे। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी सुगंधित शीतल जल से जुगलवर का अभिषेक करेंगे। इस दौरान मंदिर के सेवायतन मंत्रोच्चार करेंगे।

बदलेगा ठाकुरजी का सिंहासन-

ज्येष्ठाभिषेक के साथ ही ठाकुरजी का जल यात्रा उत्सव संपन्न होगा। इसी दिन से ठाकुरजी का सिंहासन भी बदल दिया जाएगा। अभी ठाकुरजी चांदी की होदी का सिंहासन पर विराजमान है। एकम् से ध्वज पताका सिंहासन पर आरूढ़ होंगे।

ठाकुर जी का गंगा व सरयू के जल से किया जलाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मंदिर श्री सीताराम जी छोटी चौपड़ में निर्जला एकादशी उत्सव महंत नंदकिशोर महाराज के सानिध्य में मनाया गया। श्री ठाकुर जी का गंगा व सरयू के जल में सुगंधित द्रव्य मिश्रित करके जलाभिषेक किया गया। ठाकुर जी की वन विहार की मनोहर झांकी सजाई गई, पूरे मंदिर परिसर को आशापाला, आम, जामुन, शीशम के पत्तो से सजाया गया। प्राचीन कालीन फव्वारों से ठाकुर जी का जला अभिषेक किया गया, परिक्रमा मार्ग में स्थित गोमुख से ठाकुर जी के स्नान के जल से भक्तो ने भी स्नान किया। समाज के रसिक प्रेमियों के द्वारा पद गायन किया गया। बैठा फूल सेज मैं सिया रघुवर, मारो मन मोह छ रे आज राम के संग सिया प्यारी वन में विहरत है. मंहत नंदकिशोर जी ने बताया कि शुक्ल पक्ष की एकादशी, निर्जला सभी एकादशी में महापुण्यकारी एवं कल्याणकारी होती है एवं यह गर्मी का महीना होता है इस अवसर पर ठाकुर जी को शीतल व्यंजनों व रितु फलों का भोग लगाया गया। ठाकुर जी को आम, तरबूज, खरबूज, जामुन, लीची, फालसा, अमरस, रसगुल्ला, राजभोग इत्यादि व्यंजनों का भोग लगाकर सभी भक्तों में प्रसादी वितरित की गई और इसी प्रकार से शुक्ल पक्ष पूर्णिमा 22 जून शनिवार को भी सीताराम जी महाराज की जल यात्रा की मनोहर झांकी प्रात: 10 से 1 तक होगी।

विश्व संगीत दिवस पर गूंजेंगे सुरीले नगमे और कबीर वाणी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जवाहर कला केन्द्र की ओर से विश्व संगीत दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। नव को पहचान व अनुभव को सम्मान के ध्येय के साथ कार्यक्रम में नए व अनुभवी कलाकारों की गायन प्रस्तुति का लुत्फ कला प्रेमी उठा सकेंगे।

21 जून की शाम 6:30 बजे रंगायन सभागार में जूनियर समर कैम्प के प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे। सायं सात बजे से श्रीवंत सिंह और संजय सिंह की सुरीली आवाज में नगमे गूंजेंगे। बर्कली कॉलेज ऑफ म्यूजिक, बोस्टन से संगीत की शिक्षा हासिल करने वाले श्रीवंत सिंह साल 2023 में ग्रैमी अवार्ड के लिए नॉमिनेटेड हो चुके हैं। वे ए.आर. रहमान और श्रेया घोषाल सरीखे कलाकारों के साथ देश-विदेश में प्रस्तुति दे चुके हैं। शास्त्रीय गायक और संगीत निर्देशक संजय सिंह विश्वस्तरीय कार्यक्रमों में अपनी आवाज का जादू दिखा चुके हैं। कई एल्बम में अपनी आवाज दे चुके संजय सिंह हर शैली यथा बॉलीवुड, ग़ज़ल, सूफ़ी गीत, भजन और पॉप सॉन्ग गाने में माहिर हैं। 22 जून का दिन संत कबीर से जुड़ी प्रस्तुतियों के नाम रहेगा। दी आर्टशाला नेटवर्क के क्यूरेशन में होने वाले कबीर अनहद कार्यक्रम में सुबह से शाम तक विभिन्न रचनात्मक आयोजन होंगे। सुबह सात से साढे आठ बजे शिल्पग्राम में महेशाराम मेघवाल व समूह के कलाकार कबीर गायन की प्रस्तुति देंगे। दोपहर तीन से पांच बजे तक कृष्णायन में कबीर साहित्य और उसकी प्रासंगिकता विषय पर संवाद प्रवाह होगा। लोकेश कुमार सिंह साहिल मॉडरेशन करेंगे जबकि सोम प्रकाश शर्मा, जगदीश मोहन रावत, डॉ. सुशीला शील वक्ता रहेंगी। इसके बाद काव्य गोष्ठी का आयोजन होगा जिसमें आशुतोष तिवारी, एहजाज उल हक, याचना फंसल, ऋषि दीक्षित, इब्राहिम जीशान, मिरा दिव्या

सिसोदिया आदि कवि हिस्सा लेंगे। शाम सात से साढे आठ बजे रंगायन में राजमल मालवीय और ग्रुप के कलाकार कबीर वाणी पेश करेंगे।

मां की गोद से 11 माह की बच्ची को छीनकर भागा युवक

जयपुर (का.स.)। बजाज नगर थाना इलाके में एक बदमाश महिला की गोद से उसकी 11 माह की बालिका को छीनकर भाग निकला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सवाई जयसिंह पुरा बगरू निवासी सम्पत देवी ने मामला दर्ज करवाया कि वह सूरज के साथ निवाई उधारी के रुपए लेने गई थी। वापस लौटने पर वह बी टू बाईपास पर अपने परिचित के यहां पर रुक गई। इसके बाद वह ऑटो से सवार होकर दुर्गापुरा बस स्टैंड पहुंची तो वहां पर सूरज उसकी 11 माह की बच्ची को छीनकर भाग निकला। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। घटना 18 जून की है। मामले की जांच एसआई फूलचंद कर रहे है।

सीएम भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी फैसलों से एनर्जी सरप्लस स्टेट बनेगा राजस्थान

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। किसी भी देश एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में बिजली एक महत्वपूर्ण घटक है। बिजली के बिना विकास की संकल्पना को साकार रूप दे पाना संभव नहीं है। अर्थव्यवस्था की प्रगति, सामाजिक एवं आर्थिक खुशहाली और बिजली के उपभोग के मध्य सीधा संबंध है। ऐसे में किसी भी सरकार के लिए यह जरूरी हो जाता है कि तरक्की के लिए एनर्जी सेक्टर को बढ़ावा दिया जाए। ऐसे फैसले लिए जाएं जिनसे ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश आए ताकि उद्योग-धंधों एवं आर्थिक गतिविधियों को गतिशील रखने के लिए बिजली की भरपूर उपलब्धता सुनिश्चित हो। साथ ही, किसानों एवं घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी जरूरत के अनुरूप 24 घंटे निर्बाध बिजली मिल सके। सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में विद्युत के बढ़ते महत्त्व को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश की बागड़ोर संभालने के साथ ही बिजली के क्षेत्र में राजस्थान को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड पर काम शुरू किया।

2950 मेगावाट सोलर परियोजनाओं को भूमि आवंटन–राज्य को ऊर्जा के क्षेत्र में एनर्जी सरप्लस स्टेट बनाने के संकल्प को शीघ्र पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री ने हाल ही में 4 सोलर प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अंतर्गत बीकानेर जिले में 2450 मेगावाट के 3 सोलर पार्कों के लिए राजस्थान सोलर पार्क डवलपमेंट कंपनी को 4780 हैक्टेयर तथा एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी को फलौदी जिले में 500 मेगावाट के एक सोलर प्रोजेक्ट के लिए 910 हैक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है।

आत्मनिर्भरता के लिए 2.24 लाख करोड़ के एमओयू

प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के विजन के साथ ही मुख्यमंत्री शर्मा की उपस्थिति में 10 मार्च को मुख्यमंत्री कार्यालय में राज्य के 3 विद्युत निगमों एवं कोल इंडिया, एनटीपीसी, सतलज जल विद्युत निगम, एनएलसी इंडिया, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी, पावर ग्रिड तथा आरईसी जैसे केन्द्रीय उपक्रमों के मध्य कुल 1 लाख 60 हजार करोड़ रुपए के 5 एमओयू तथा एक पावर परचेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए गए।

6 माह से भी कम समय में स्थापित हुए 14 जीएसएस

वर्तमान राज्य सरकार के 6 माह से भी कम समय में 132 केवी के 13 जीएसएस तथा 220 केवी के 1 ग्रिड सब-स्टेशन का काम पूरा कर लिया गया है। इसके तहत कारोई (भीलवाड़ा), सरवाड़

(केकड़ी), पीपलाज (अजमेर), सोनियाणा (चित्तौड़), बौंली (सवाई माधोपुर), रसीदपुरा (सीकर), धावा (नागौर), खोखा (जालोर), नारेहड़ा (कोटपूतली-बहरोड़), लक्ष्मण डूंगरी (जयपुर), सीकरी (डीग), रायथल (बूंदी) तथा प्रभातनगर (हनुमानगढ़) में 132 केवी जीएसएस तथा सिरोही के रेवदर में 220 केवी जीएसएस स्थापित कर दिए गए हैं।

नहीं खरीदनी पड़ेगी एक्सचेंज से बिजली

इन परियोजनाओं से उत्पादन प्रारंभ होते ही राजस्थान बिजली के मामले में आत्मनिर्भर हो जाएगा और बैंकिंग के जरिए रबी सीजन में कृषि क्षेत्र की मांग को पूरा करने के लिए बिजली उधार पर लेने की हमारी अन्य राज्यों पर निर्भरता खत्म हो जाएगी। इसके अतिरिक्त गर्मी के सीजन में पीक डिमांड को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से भी महंगी बिजली नहीं खरीदनी पड़ेगी। इसके साथ ही, वर्ष 2023-24 के रबी सीजन में कृषि क्षेत्र की डिमांड को पूरा करने के लिए वर्ष 2023 में बैंकिंग के जरिए 1 लाख 45 हजार मेगावाट से अधिक बिजली विभिन्न राज्यों से उधार ली गई जिसे गर्मी की पीक डिमांड के बावजूद प्रदेश को आगामी सितंबर माह तक इन राज्यों को चुकानी पड़ रही है।

नारेहड़ा स्टैंड पर सडक़ के डामरीकरण की मांग को लेकर धरना तीसरे दिन भी रहा जारी

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। कोटपूतली के ग्राम नारेहड़ा स्टैंड पर सडक़ के डामरीकरण की मांग को लेकर मेघवाल विकास समिति अध्यक्ष छोटूराम सामरिया की अध्यक्षता में धरना बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बदस्तुर जारी रहा। धरने पर पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने धरनार्थियों की मांगों को वाजिब बताते हुए हमेशा जनहित के मुद्दों में साथ रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बिना संघर्ष किये समस्या का समाधान नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि हम सडक़ की मरम्मत होने तक एकजुटता से लड़ेंगे। कसाना ने उक्त समस्या के समाधान के लिये जिला कलक्टर से बात भी की। धरने के समर्थन में गुरूवार को ग्राम नारेहड़ा में सभी दुकानदारों ने बाजार बंद किये जाने का निर्णय लिया। धरने के प्रथम दिन ग्रामीणों ने नीमकाथाना से कोटपूतली रोड़ को गांव नारेहड़ा में दिन भर जाम रखा तो शाम होते-होते प्रशासन ने सडक़ पर मरम्मत का काम शुरू करवाकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों को तहसीलदार सौरभ गुर्जर ने शीघ्र डामरीकरण करवाये जाने का आश्वासन दिया। गुरूवार को सरपंच प्रतिनिधि अशोक सिंह ने धरने को समर्थन दिया। इस दौरान पूर्व सरपंच गोकुल आर्य, पूर्व सरपंच जसवंत मांठ, ओमसिंह लम्बरदार, कल्याणपुरा कुहाड़ा सरपंच विक्रम छावड़ी, विरेन्द्र सिंह, लक्ष्मण यादव, कैलाश यादव, दलीप पहलवान, रंगलाल महाराज, जगदीश, रुपेश शर्मा, संजय सिंह, रामप्रसाद मीणा, महेंद्र चोटिया, बजरंग मीणा, सुभाष मीणा, हरिओम सिंह, पूरण सिंह, छाजू सिंह, राधेश्याम सैनी, मोहनसिंह, सुरजन मीणा, भोजराज सिंह, कमल सिंह, सीताराम सैनी, शेरसिंह, बुलेश सैनी, नितिन शर्मा, हंसराज शर्मा, पांचूराम धोबी, युवराज सिंह, पूर्व सरपंच झूंथाराम बडगुर्जर, भंडारी मीणा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

जिला स्तरीय जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन 20 जून 2024, गुरुवार को पंचायत समिति कोटपूतली के वीसी सभागार में प्रातः 11 बजे से होगा। जनसुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला और ब्लॉक स्तर के वीसी कक्षों पर भी आयोजित की जाएगी। अतिरिक्त जिला कलेक्टर योगेश कुमार डागुर ने बताया कि सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी निर्धारित समय पर संबंधित ब्लॉक के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के वीसी कक्ष से जुड़ेंगे। इस जनसुनवाई में पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, नाली, सफाई व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान राजस्थान संपर्क पोर्टल पर लंबित उच्च वरीयता वाले परिवादों का समाधान किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को वीसी कक्ष में उपस्थित रहने के निर्देश दें और स्वयं जिला कार्यालय सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग कलेक्ट्रेट दौसा में उपस्थित रहेंगे।ब्लॉक स्तरीय अधिकारी जनसुनवाई का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे और परिवादियों के लिए बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त परिवादों का ऑन स्पॉट निस्तारण किया जाएगा और शेष परिवादों को राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर सूचना कार्यालय को भेजा जाएगा।

पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक हो पौधरोपण : सत्यानी

जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने जिला पर्यावरण समिति की बैठक में दिए निर्देश

नगरनिकाय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश, कहा- अवैध कॉलोनियों पर हो कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

चूरू(सुरेश शर्मा)। जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति व नगरनिकाय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। जिला कलक्टर सत्यानी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अधिकाधिक पौधरोपण हो। प्रयास करें कि पहली बारिश के साथ ही पौधे लगाए जाएं तथा पौधों की सार-संभाल के लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित करें। सभी विभागों के अधिकारी अपने विभागों के निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करें तथा इसके लिए समुचित कार्ययोजना बनाते हुए पूर्व तैयारी रखें। उन्होंने कहा कि ट्री आउटसाइड फोरेस्ट एरिया योजना के तहत वन भूमि के अतिरिक्त जमीन पर अधिकाधिक पौधरोपण के प्रयास किए जाए ताकि हरित क्षेत्र को बढ़ाया जा सके।

जिला विधिक प्राधिकरण सेवा सचिव डॉ शरद व्यास ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम के लिए अवेयरनेस कार्यक्रम चलाएं तथा लोगों को प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के लिए प्रेरित करें। डीएफओ भवानी सिंह ने वृक्षारोपण अभियान तथा वन विभाग की नर्सरियों व पौधों की दरों की

जानकारी दी। इस दौरान एडीएम उत्तमसिंह शेखावत, सीईओ मोहनलाल खटनावलिया, पुलिस उप अधीक्षक सुनील झाझड़िया, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अरविंद ओला, एपीआरओ मनीष कुमार, चूरू नगरपरिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह सहित अधिकारी मौजूद रहे।

नगरनिकाय अधिकारियों को विभागीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश– जिला कलक्टर सत्यानी ने नगरनिकाय अधिकारियों को विभागीय समीक्षा बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध कार्यवाही करें। अवैध कॉलोनियों के विकसित होने से पात्र व जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता तथा राजस्व की हानि होती है। अवैध कॉलोनियों का सर्वे करते हुए त्वरित एक्शन लें तथा इस कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निकाय अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में इस प्रकार के प्रकरणों में गंभीरता बरतें तथा उल्लंघन पाए जाने पर उचित कार्यवाही करते हुए रिपोर्टिंग करें।

जिला कलक्टर ने बैठक के दौरान पीएम स्वनिधि योजना, पीएम आवास योजना शहरी, एसएचजी गठन सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की।

ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर लगातार जारी

स्काउट के पदाधिकारी सहित भामाशाहों ने किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में विगत 22 मई से आयोजित किया जा रहे हैं ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर के 28वें दिन यादव महासभा इकाई कोटपूतली के अध्यक्ष एवम पूर्व सरपंच रामावतार यादव एवं वरिष्ठ पत्रकार महेश कुमार सैनी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बालकों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि देश व समाज की सेवा में हमें हमेशा आगे रहते हुए कार्य करना चाहिए। इससे पूर्व अतिथियों का स्काफ़ पहना कर स्वागत किया। अभिरुचि शिविर का राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड जयपुर मंडल के सहायक राज्य संगठन आयुक्त दामोदर प्रसाद शर्मा एवं जिला संगठन आयुक्त कोटपूतली बहरोड शरद शर्मा ने निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान दोनों पदाधिकारी एवं भामाशाहों ने स्थानीय संघ कोटपूतली द्वारा चलाए जा रहे ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर के सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान स्काउट पदाधिकारी का स्काफ़ पहनाकर, स्मृति एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।

ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की का हुआ शुभारंभ

चिकित्सालय प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा ने मरीजों को राहत देने के लिए किया नवाचार :डॉ अजय सिंगला

बढ़ता राजस्थान

सूरतगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ट्रोमा सेंटर में बुधवार प्रात:9.15 बजे पंजीकरण खिड़की का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय सिंगला, खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल और चिकित्सालय के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉ नीरज सुखीजा के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अजय सिंगला ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की नया नवाचार है जो चिकित्सा अधिकारी और प्रभारी नीरज सुखीजा द्वारा मरीज को हो रही परेशानी को देखते हुए किया गया है।

इससे भविष्य में मरीजों को फायदा मिलेगा। खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मनोज अग्रवाल ने बताया कि ट्रॉमा सेंटर में पंजीकरण खिड़की शुरू होने से मरीज को लंबी कतार में नहीं लगना पड़ेगा और इस भयंकर गर्मी से भी राहत मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डॉक्टर नीरज सुखीजा ने कहा कि पूर्व में पंजीकरण खिड़की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही थी जिससे मरीज को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था अब सीनियर सिटीजन और एमरजैंसी के मरीज को राहत देने के लिए एक और पंजीकरण खिड़की का शुभारंभ ट्रॉमा सेंटर में किया गया है। जिससे चिकित्सालय की पंजीकरण खिड़की पर होने वाली मरीजों की भीड़ कम हो जाएगी।

कार्यालय सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी,
वरिष्ठचिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पीपलू

Mobile no. 9468718292,
क्रमांक / संस्था/2024/322

Email id:- chcpeeplutonk@yahoo.com
दिनांक 12.06.2024

निविदा आमंत्रण सूचना

इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ एंव सेवा प्रदाता ऐजेन्सी से वर्ष 2024-25 हेतु माल एवं सेवा के प्रदाय के लिए निम्नानुसार मुहर बंद लिफाफे में खुली बोली पद्धति से दर संविदा निविदाएं आमंत्रित की जाती है-

क्र. सं.	विवरण	अनुमानित मूल्य	निविदा फार्म शुल्क	बोली प्रतिभूति राशि	निविदा फार्म प्राप्त करने की अवधि	निविदा फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि
1.	लेबोरेट्री जांच सामग्री, रिजेन्ट्स, आईटम आपूर्ति	800000/- रूपये	200/- रूपये	16000/- रूपये	दिनांक 12.06.2024 से 25.06.2024 सांय 4 बजे तक	दिनांक 26.06.2024 दोपहर 12 बजे तक	दिनांक 26.06.2024 दोपहर 2 बजे
2.	साफ-सफाई कार्य सेवा उपापन	360000/- रूपये	200/- रूपये	7200/- रूपये	दिनांक 12.06.2024 से 25.06.2024 सांय 5 बजे तक	दिनांक 25.06.2024 दोपहर 12 बजे तक	दिनांक 25.06.2024 दोपहर 2 बजे
3.	फार्मासिस्ट/हैल्पर सेवा उपापन	400000/- रूपये	200/- रूपये	8000/- रूपये	दिनांक 12.06.2024 से 25.06.2024 सांय 5 बजे तक	दिनांक 25.06.2024 दोपहर 12 बजे तक	दिनांक 25.06.2024 दोपहर 2 बजे

निविदा की अन्य शर्तें sppp.rajasthan.gov.in पर देखी एंव पढी जा सकती है।

NIB -MHS2425A0186
UBN -MHS2425SSOB00260,UBN -MHS2425SSOB00261
UBN -MHS2425SSOB00262

सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी,
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पीपलू,टोंक

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
(मानद विश्वविद्यालय, जयपुर)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024
के अवसर पर
निरोगी और स्वस्थ जीवन के लिए योग महोत्सव का आयोजन

जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर पर
दिनांक 21 जून (शुक्रवार) को सुबह 6:00 बजे।

योग स्वयं और समाज के लिए।

आइये हम सब मिलकर योग करे और समाज के साथ खुद को स्वस्थ और निरोगी रखें।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति शाहपुरा जिला शाहपुरा (राज.)

क्रमांक : प.()कृ.उ.म.स.-शाहपुरा/लेखा/2024-25/168-183 | दिनांक :- 18/06/2024

खुली प्रतियोगी बोली आमंत्रण सूचना-01

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति शाहपुरा में वित्तिय वर्ष 2024-25 हेतु निम्नांकित सुविधा मदो हेतु खुली प्रतियोगी बोली पद्धति के माध्यम से पंजीकृत/बोलीदाता/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में निविदायें आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	कार्य/सेवा का नाम	अनुमानित लागत (लाखो में)	निविदा प्रपत्र शुल्क	बोली प्रतिभूति राशि	निविदा फार्म विक्रय करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय	निविदा खोले जाने की तिथि एवं समय	UBN No.
1	2	3	4	5	6	7	8	
1	मुख्य मण्डी प्रांगण/गौण मण्डी प्रांगणो में जॉब बेसिस पर चौकीदारी व्यवस्था ठेका का कार्य	5.00	590/-	10000/-रू	24.06.2024 को 02.00 pm तक	05.07.2024 को 12.00 pm तक	05.07.2024 को 02.00 pm तक	DAM2425SSOB00239
2	मुख्य मण्डी/गौण मण्डी प्रांगणो में जॉब बेसिस पर सफाई व्यवस्था ठेका का कार्य	1.50	118/-	3000/- रू	24.06.2024 को 02.00 pm तक	05.07.2024 को 12.00 pm तक	05.07.2024 को 02.00 pm तक	DAM2425SSOB00237
3	मुख्य मण्डी प्रांगण शाहपुरा में जॉब बेसिस पर जल व्यवस्था ठेका का कार्य	1.50	118/-	3000/- रू	24.06.2024 को 02.00 pm तक	05.07.2024 को 12.00 pm तक	05.07.2024 को 02.00 pm तक	DAM2425SSOB00238
4	मुख्य मण्डी प्रांगण शाहपुरा में जॉब बेसिस पर प्रकाश व्यवस्था ठेका का कार्य	1.00	118/-	2000/- रू	24.06.2024 को 02.00 pm तक	05.07.2024 को 12.00 pm तक	05.07.2024 को 02.00 pm तक	DAM2425SSOB00235
5	जॉब बेसिस पर कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) कार्यालय कार्य एवं ई-नाम कार्य हेतु	9.00	590/-	18000/-रू	24.06.2024 को 02.00 pm तक	05.07.2024 को 12.00 pm तक	05.07.2024 को 02.00 pm तक	DAM2425SSOB00234

बोली प्रपत्र व शर्तो का अवलोकन कार्यालय लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल http://agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर किया जा सकता है। तथा वेबसाइट से बोली प्रपत्र डाउनलोड कर प्रपत्र का मूल्य व प्रतिभूति राशि का बैंकड्राफ्ट/बैंकर्स चैक जो कि कृषि उपज मण्डी समिति शाहपुरा के नाम से हो कॉलम संख्या 7 में वर्णित सहित निर्धारित दिनांक व समय तक कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है।

प्रशासक
कृषि उपज मण्डी समिति शाहपुरा

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति शाहपुरा

राज.संवाद/सी/24/864

सम्पादकीय

स्पेशल सर्विसेज से आरक्षण खत्म होना चाहिए

सुप्रीम कोर्ट में नीट विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई थी। अदालत ने कहा, अगर किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए। बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं। बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है। दरअसल, स्पेशल सर्विसेज में तो आरक्षण भी खत्म होना चाहिए। डॉक्टर, इंजीनियर और वैज्ञानिक जैसे पेशों में आरक्षण एक बुराई की तरह है। यदि आरक्षण से कम अंक वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है तो वो जनजीवन के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। नीट आरक्षण मानदंड के सरकारी नियमों के अनुसार केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और राज्य मेडिकल कॉलेजों में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत सीटें, ईब्लूएस के लिए 10, एससी के लिए 15 और एसटी के लिए 7.5 फीसदी आरक्षण बताया जाता है। इसमें ईडब्ल्यूएस आरक्षण तो फिर भी लागू रखा जा सकता है क्योंकि ये जातिगत नहीं है। ये आर्थिक कमजोर वर्ग है। और आर्थिक कमजोर कोई भी हो सकता है। मान लीजिए कोई व्यक्ति आरक्षण का सहारा लेकर कम नम्बरों में चिकित्सक बन गया तो उसके इलाज की क्या गारन्टी हो सकती है। ऐसा ही कुछ इंजीनियरिंग की सर्विसेज में होता है। इंजीनियर वह होता है जो देश के विकास में बड़ा भागीदार होता है। बड़ी-बड़ी परियोजनाएं उसके जिम्मे होती है। बड़े पुल, ओवरब्रिज, अन्डरब्रिज, फ्लाईओवर और बड़े-बड़े भवन उसके जिम्मे होते हैं। यहां भी आरक्षण के बलबूते नौकरी पाने वाला व्यक्ति जनजीवन के लिए बड़ा हानिकारक साबित हो सकता है। इसी तरह का मामला वैज्ञानिकों से जुड़ा हुआ है। इन विशेष सर्विसेज में तो जो पढ़ाई में अव्वल है, उसी का नम्बर आना चाहिए, चाहे वह फिर किसी भी जाति का हो।

योग मात्र व्यायाम नहीं , प्रकृति के साथ एकाकार हो जाने का भाव है

मोहन मंगलम

योग एक आध्यात्मिक प्रक्रिया है। इसमें शरीर और आत्मा को एकरूप करने का प्रयास किया जाता है। मन को शब्दों से मुक्त करके अपने आपको शांति और रिक्तता से जोड़ने का एक तरीका है योग। योग समझने से ज्यादा करने की विधि है। योग साधना के बल पर ही हमारे ऋषि-मुनियों एवं योग साधकों ने सुदीर्घ जीवन प्राप्त किया। अलग-अलग संप्रदायों, परंपराओं, दर्शनों, धर्मों एवं गुरु-शिष्य परंपराओं के चलते भिन्न-भिन्न सोपानों में योग का अलग-अलग मार्ग प्रशस्त हुआ।

प्राचीन काल से ही ऋषियों का उद्घोष रहा है - 'शरीरमाद्यं खलु धर्म साधनम्' यानी कर्म करने से लेकर जीवन में आनंद प्राप्त करने तक का एकमात्र साधन स्वस्थ शरीर ही है। अनुलोम-विलोम प्राणायाम से जटिल से जटिल व्याधियों को दूर किया जा सकता है। कपालभाति तथा भस्त्रिका से धमनी में आए अवरोध दूर होते हैं। नियमित रूप से प्राणायाम किया जाए तो हृदय गति और वायु तंत्र की गति नियंत्रित होती है। अतः प्राणायाम ही आध्यात्मिक उन्नति एवं शरीर को निरोग रखने का सबसे सरल एवं सस्ता साधन है।

प्रसन्नचित्त जीवन जीने की इच्छा हर किसी की होती है। इसके लिए योग, ध्यान, प्राणायाम, आसन, व्यायाम से लेकर न जाने कितने अनुसंधानात्मक प्रयोगों से प्राचीन भारतीय ग्रंथ भरे पड़े हैं। तमाम वैदिक ग्रंथों का एक लक्ष्य भी रहा है कि शारीरिक एवं मानसिक आंतरिक ऊर्जा को समेट कर व्यक्ति को उन्नतशील बनाया जाए। अतः योग को अपनाकर हम आरोग्य संवर्धन के साथ ही तनावमुक्त, प्रसन्नचित्त जीवन का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। आवश्यकता है नियमित एवं अनुशासित रूप से योग को आत्मसात करने की।

योग प्राचीनतम भारतीय सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विद्या है। यह आत्मदर्शन से युक्त एवं स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से वैज्ञानिक एवं प्रमाणित विधि है। प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है योग। योग मात्र व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के विश्व एवं प्रकृति के साथ एकत्र हो जाने का भाव है। यह हमारी जीवनशैली में परिवर्तन

लाकर हमारे अंदर जागरुकता पैदा करता है।

''योग'' शब्द का उल्लेख सबसे पहले ऋग्वेद में मिलता है। उपनिषदों में भी इसका उल्लेख आया है। योग के पुरातन साक्ष्य की ओर चलें तो सिंधु घाटी सभ्यता (2700 ई. पू.) में अनेक आकृतियां एवं मुहरें प्राप्त हुई थीं, जिनमें योग करती हुई आकृतियां उत्कीर्ण थीं। योग का अभ्यास पूर्व वैदिक काल से किया जाता रहा। वैदिक एवं उपनिषद् परंपरा, वैष्णव संप्रदाय में भी योग का साक्ष्य मिलता है।

भारतीय दर्शन में 'योग' अति महत्वपूर्ण शब्द है। श्रीमद्भगवद्गीता में योग शब्द का कई बार प्रयोग हुआ है - बुद्धि योग, संन्यास योग, कर्म योग। श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने योग को विभिन्न अर्थों में प्रयुक्त करते हुए कहा, ''अनुकूलता, प्रतिकूलता, सिद्धि, सफलता, विफलता, जय, पराजय इन समस्त भावों के साथ में रहते हुए सम रहना ही योग है।''

भारतीय दर्शन में छह दर्शनों में से एक है योग। यह हमारे ऋषियों, महर्षियों और तपस्वियों की अनुभूत साधना का वैचारिक आदर्श है। योग विद्या भारतवर्ष की अमूल्य संपत्ति है जो सुदूर अतीत काल से गुरु परंपरा पूर्वक चली आ रही है। शिक्षा के क्षेत्र में भी इसका महत्व दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। महर्षि पतंजलि ने अपने योग दर्शन में योग को परिभाषित करते हुए कहा, ''चित्तवृत्ति निरोधः'' यानी मन को चंचल होने से रोकना ही योग है। इसकी शुरुआत ही अनुशासन एवं मन की वृत्तियों को रोकने से होती है। चित्तवृत्ति का निरोध हो जाने पर व्यक्ति सांसारिक उलझनों से मुक्त हो जाता है। पतंजलि ने अष्टांग योग का प्रतिपादन किया जो यम, नियम, आसन, प्राणायाम प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि के रूप में जाने जाते हैं।

इनमें संयमित जीवन पद्धति पर प्रकाश डाला गया है। हमारे शरीर को प्रेरणा देने का कार्य प्राण और मन करते हैं। संपूर्ण शारीरिक तंत्र को 24 घंटे गतिशील रखने का प्रमुख कार्य प्राण का ही है। प्राण संपूर्ण शरीर में विभिन्न क्रियाओं को नियंत्रित एवं प्रेरित करता है। योग सूत्र में प्राण के पांच मुख्य भेद बताए गए हैं- प्राण, अपान, समान, व्यान और उदान। इन प्राणों की साधना समस्त सफलताओं और सिद्धियों का आधार है। प्राणों के नियमन की प्रक्रिया ही योग शास्त्र में 'प्राणायाम' कहलाती है। धारणा और ध्यान के रूप में मन को तेजस्वी, ओजस्वी और ऊर्जावान बनाने का एक व्यवस्थित कार्यक्रम योग शास्त्र में सुझाया गया है। हमारे शरीर में फेफड़ों, हृदय और मस्तिष्क का विशेष महत्व है और इन तीनों का एक-दूसरे से गहरा सामंजस्य भी है। योग एवं प्राणायाम करने से ये तीनों अवयव बलिष्ठ होते हैं एवं शरीर निरोग रहने के साथ ही जीवन उन्नत होने लगता है।

ऐसे हुई योग दिवस की शुरुआत-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में दुनियाभर में योग दिवस मनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्वीकार कर लिया और 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में मान्यता दी। इसके अगले ही साल 2015 में पहली बार 21 जून को विश्व योग दिवस दुनिया भर में मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष 21 जून को पूरे विश्व में योग दिवस मनाया जाता है।

आज का इतिहास

- 1837 में आज ही के दिन विक्टोरिया ब्रिटेन की महारानी बनीं थी।
- 1840 में 20 जून को ही सैमुअल मोर्स ने टेलीग्राफ का पेटेंट कराया था।
- 1862 में आज ही के दिन रोमानिया के प्रधानमंत्री बार्बू कटारगिउ की हत्या की गई थी।
- 1863 में 20 जून को ही पश्चिमी वर्जीनिया अमेरिका का 35वां राज्य बना था।
- 1877 में आज ही के दिन अलेक्जेंडर ग्राहम बेल ने कनाडा के ओंटारियो में दुनिया का पहला वाणिज्यिक टेलीफोन सेवा शुरू की थी।
- 1887 में 20 जून को ही भारत का सबसे व्यस्ततम रेलवे स्टेशन मुंबई स्थित विक्टोरिया टर्मिनस (छत्रपति शिवाजी टर्मिनस) लोगों के लिए खुला था।
- 1916 में आज ही के दिन पुणे में एसएनडीटी महिला विश्वविद्यालय की स्थापना हुई।
- 1921 में 20 जून को ही चेन्नई, भारत शहर में बकिंघम और कर्नाटक मिल्स के श्रमिकों ने 4 महीने की हड़ताल शुरू की थी।
- 1960 में 20 जून को ही माली फेडरेशन (बाद में माली और सेनेगल में विभाजन) को फ्रांस से स्वतंत्रता मिली थी।
- 1976 में आज ही के दिन अमेरिकी राजदूत की हत्या के बाद लेबनान से अमेरिका ने सैकड़ों अपने नागरिकों को वहां से निकाला था।
- 1990 में आज ही के दिन ईरान में भूकंप से 40 हजार से अधिक की मृत्यु हो गई थी।
- 1991 में 20 जून को ही एकीकृत जर्मनी की राजधानी फिर से ?बर्लिन को बनाने के प्रस्ताव को संसद ने मंजूरी दी थी।
- 2001 में 20 जून को ही जनरल परवेज मुशर्रफ़ पाकिस्तान के राष्ट्रपति बने थे।
- 2002 में आज ही के दिन अमेरिकी कोर्ट ने मानसिक बीमारों की फांसी की सजा पर रोक लगाई थी।
- 2005 में आज ही के दिन रूस मालवाहक यान एम-53 अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचा था।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

वृष
स्नेहीजनों एवं मित्रों से उपहार मिल सकता है। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि बनी रहेगी। सांसारिक जीवन में आनंद का अनुभव करेंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

मिथुन
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

कर्क
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

सिंह
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

कन्या
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

तुला
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

वृश्चिक
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

धनु
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

मकर
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं।

कुंभ
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

मीन
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

स्वास्थ्य समाचार

पेट में कीड़ों (पिनवॉर्म) की समस्या ठीक करने के लिए अपनाएं ये घरेलू उपाय

पिनवॉर्म पतले और छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो मनुष्यों की आंतों और पेट को संक्रमित करते हैं। अधिकतर यह बच्चों में पाए हैं और इन्हें बच्चों के मल में आसानी से देखा भी जा सकता है। अगर सावधानी न बरती जाए तो यह बड़ी उम्र के लोगों में भी हो सकते हैं। हालांकि इन्हें कुछ घरेलू नुस्खों से ठीक किया जा सकता है लेकिन ये कीड़े बहुत अधिक संक्रामक होते हैं और कपड़ों से भी फैल सकते हैं। पिनवर्म इंफेक्शन इनके अंडो का दूषित खाद्य पदार्थ या पेय पदार्थों के जरिए शरीर में जाने से फैलता है। एक बार शरीर में पहुंचने के बाद कुछ हफ्तों में ही यह अंडे कीड़ों में बदल जाते हैं और इन कीड़ों से शरीर के अंदर अन्य कीड़े बनने लगते हैं। आपके बच्चे या आप में इनके लक्षण देखने को मिलते हैं तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

नारियल का तेल : इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-ऑक्सीडेंट्स और एंटी-फंगल गुण होते हैं जो शरीर से पिन वॉर्म को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसके लिए आपको केवल एक चम्मच नारियल के तेल की जरूरत होगी। इसे रोजाना सुबह सुबह पीएं या रूई की सहायता से गुदा द्वार में लगाएं।

एप्पल साइडर विनेगर : इसमें 6% एसिटिक एसिड होता है और यह शरीर के पीएच बैलेंस को काफी कम कर सकता है। इससे कीड़ों को पनपने में दिक्कत होती है जिस वजह से वह आपके पेट में ज्यादा समय तक जिंदा नहीं रह पाते। दो चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को एक गिलास पानी में मिला कर पी लें। इसे थोड़ा मीठा बनाने के लिए शहद को भी डाल सकते हैं।

लहसुन : यह एक ऐसी जड़ी-बूटी है जिसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं। ये पिनवॉर्म इंफेक्शन को ट्रीट करने में काफी सहायक माने जाते हैं। आपको केवल एक से दो लहसुन की कलियों की जरूरत है और साथ ही थोड़ी सी पेट्रोलियम जेली भी ले सकते हैं। आप रोजाना इन लहसुन की कलियों को चबाएं या खाने में मिला सकते हैं। आप लहसुन को पेट्रोलियम जेली में मिला कर प्रभावित क्षेत्र पर अप्लाई भी कर सकते हैं।

गर्म पानी : पिन वॉर्म काफी ज्यादा संक्रामक होते है इसलिए अपने पूरे घर को ही डिसइंफेक्ट करना जरूरी है। गर्म पानी की मदद से आप इसमें आराम पा सकते हैं। इससे यह कीड़े बार बार नहीं आएंगे। इसके लिए आपको गर्म पानी, साबुन और डिटर्जेंट की जरूरत होती है। सारे कपड़े बर्तनों और फैब्रिक को धोने से आधा घंटा पहले गर्म पानी में भिगो दें। आप वाशरूम आदि को भी रोजाना डिसइंफेक्ट कर सकती हैं।

टी-ट्री ऑयल : इसकी एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल प्रॉपर्टी इन कीड़ों से निजात दिलाने में मदद कर सकती हैं। टी-ट्री ऑयल में एंटी पैरासिटिक गुण भी होते हैं। एक या दो बूंद टी ट्री ऑयल लें और उसमें एक दो चम्मच नारियल का तेल मिक्स कर लें।

एक्सरसाइज करने के बाद ब्लड प्रेशर क्यों बढ़ता है? बीपी के मरीज एक्सरसाइज करते समय बरतें ये सावधानियां

हाई ब्लड प्रेशर आजकल 40 पार की उम्र के बाद सामान्य समस्या बनती जा रही है। अगर आप हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं तो रेगुलर एक्सरसाइज आपके लिए बहुत फायदेमंद है। लेकिन यह बात जान कर आपको हैरानी होगी कि एक्सरसाइज करने के बाद आपका ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि जब आप वर्क आउट करते हैं तब आपकी मसल्स सिकुड़ती हैं ताकि दिल तक ब्लड पंप हो सके। कोलंबिया एशिया हॉस्पिटल में सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर विनय भट्ट के मुताबिक एक्सरसाइज करने के दौरान सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। लेकिन लंबे समय तक इसका असर नहीं होता। कुछ समय बाद आपका ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। इसका मतलब है कुछ समय के लिए तो आपका ब्लड प्रेशर बढ़ता है लेकिन जल्द ही ये कम होकर सामान्य हो जाता है। इसलिए हाई ब्लड प्रेशर से जूझ रहे लोगों के लिए एक्सरसाइज करना लाभदायक ही होता है।

एक्सरसाइज करने के बाद ब्लड प्रेशर कब तक नॉर्मल होता है?

एक्सरसाइज करने के दो घंटे के बाद तक भी आपका ब्लड प्रेशर बढ़ा ही रहता है। इसलिए इतने समय तक इंतजार करना चाहिए। इसलिए दोनों ब्लड प्रेशर में अंतर जानने के लिए एक्सरसाइज करने के पहले ब्लड प्रेशर चेक करें और एक्सरसाइज करने के दो घंटे बाद ही दोबारा ब्लड प्रेशर चेक करें। अगर एक्सरसाइज करने के दौरान आप ब्लड प्रेशर चेक करते हैं तो इस दौरान बीपी बढ़ा हुआ ही मिलेगा। इसलिए दो से तीन घंटों तक इंतजार जरूर करें।

हाइपरटेंशन के मरीजों के लिए कुछ सुरक्षित एक्सरसाइज

- आपको एक्सरसाइज के बारे में पहले अपने डॉक्टर से बात जरूर करनी चाहिए। बहुत से लोग जिन्हें हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है वह रनिंग, साइकिलिंग, वेट ट्रेनिंग, जैसी एक्सरसाइज आराम से कर सकते हैं। इन एक्सरसाइज में व्यक्ति को शरीर पर अधिक प्रेशर डालने की भी जरूरत नहीं पड़ती है।
- अगर आप इन एक्सरसाइज को पूरी इंटेंसिटी से नहीं कर सकते हैं तो आप इसमें थोड़ा बदलाव करके, इन्हें आसान भी बना सकते हैं। अगर आपको इन्हें करने से चक्कर आने लगते हैं या जी मिचलाने लगता है तो इनके बजाए अन्य एक्सरसाइज भी कर सकते हैं।
- अगर आप सबसे सामान्य एक्सरसाइज करना चाहते हैं तो वॉकिंग, जॉगिंग, साइकिल चलाना, मॉडरेट स्विमिंग, वेट ट्रेनिंग आदि ट्राई कर सकते हैं।

हाइपर टेंशन में न करें यह एक्सरसाइज

कुछ रिस्की एक्टिविटी जो हाई इंटेंसिटी वाली होती हैं, उन्हें करने से बचना चाहिए। जैसे 100% क्षमता के साथ वेट लिफ्ट नहीं करना चाहिए। स्कूबा डाइव, स्काई डाइव जैसी चीजें भी नहीं ट्राई करनी चाहिए। टेनिस, फुटबॉल और बास्केट बॉल जैसे खेल भी आपको ट्राई नहीं करने चाहिए। स्प्रिंटिंग, हाई इंटेंस वर्कआउट और आउटडोर स्पोर्ट्स को भी ज्यादा ट्राई न करें।

क्या एक्सरसाइज करने से लो ब्लड प्रेशर भी हो सकता है?

एक्सरसाइज करने के बाद ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। जिससे लो ब्लड प्रेशर वाले इफेक्ट्स भी हो सकते हैं। जब डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कम होने लगता है तो दिल के लिए ब्लड पंप करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है।

जब भी एक्सरसाइज करते समय आपको यह लगने लगे कि आपको चक्कर आ रहे हैं तो आपको समझ जाना चाहिए कि आपका ब्लड प्रेशर लो है। ऐसी स्थिति में एक्सरसाइज बंद करके कुछ समय आराम करें और परेशानी महसूस होने पर डॉक्टर से संपर्क करें।

गर्मियों में खीरा खाने से पहले जान लें ये बात वरना सेहत को होगा भारी नुकसान

गर्मियों का मौसम शुरू होते ही हमारे खाने में एक चीज शामिल हो जाती है, और वो है खीरा। खीरे का ठंडा-ठंडा रायता, सलाद, या खीरे की सब्जी या कच्चा खीरा। लोग कई तरीकों से इसे अपने खाने में शामिल करते हैं। चिलचिलाती गर्मी में खीरा ठंडक तो देता ही है, इसके साथ ही यह हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। खीरे में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सिडेंट्स और विटामिन मौजूद होते हैं और इसमें कैलोरी बहुत कम होती है। यही वजह है कि जो लोग वजन कम करना चाहते हैं वे ज़्यादा मात्रा में खीरे का सेवन करते हैं। खीरे में बहुत अधिक मात्रा में पानी होता है इसलिए गर्मियों में खीरे के सेवन से शरीर में पानी की कमी नहीं होती। कुल मिलकर खीरे में बहुत से गुण मौजूद होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं। लेकिन खीरा खाने का फायदा तभी होता है जब इसे सही तरीके से खाया जाए। डॉक्टर्स के मुताबिक खीरा खाने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए वरना इससे

हमारे स्वास्थ्य को नुकसान हो सकता है।

खीरे में बहुत कम मात्रा में कैलोरी होती है इसलिए लोग वेट लॉस के लिए खीरा ज़्यादा खाते हैं। कई लोग रात में डिनर में अधिक मात्रा में खीरा खाते हैं। हालांकि, डॉक्टर्स के मुताबिक, रात में खीरा खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। लोगों को लगता है कि खीरे में पानी की अधिक मात्रा होती है इसलिए अगर वे रात में खाने की जगह खीरा ज़्यादा मात्रा में खा लेंगे तो इससे उन्हें भूख कम लगेगी और वे वजन जल्दी घटा पाएंगे। हालाँकि, खीरे को पचाना इतना आसान नहीं। इसलिए रात को खीरे का ज्यादा मात्रा में सेवन नहीं करना चाहिए।

इसके साथ ही डॉक्टर्स रात में सोने से 2-3 घंटे पहले खीरा खाने की सलाह देते हैं। रात में ज़्यादा मात्रा में खीरा खाने से अपच और नींद न आने की समस्या हो सकती है। न्यूट्रिशनिस्ट के मुताबिक, खीरे में कुकुरबिटेसिन नामक तत्व पाया जाता है, जो खीरे की कड़वाहट के लिए भी जिम्मेदार होता है। डॉक्टर्स के मुताबिक, फूलगोभी और ब्रोकोली की तरह, रात में ज़्यादा मात्रा में खीरा खाने से गैस, पेट फूलना और अपच की समस्या हो सकती है। यह सभी समस्याएं कुकुरबिटेनिस के कारण ही होती हैं। खीरे में 95 प्रतिशत मात्रा तक पानी होता है इसलिए खीरा खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

पानी बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभागों के बिगड़ी व्यवस्थाओं से आम जन आहत और परेशान

कृष्णचन्द्र विजय

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)। मालपुरा शहर के सबसे महत्वपूर्ण एवं आम जन से जुड़े पानी बिजली जैसे महत्वपूर्ण विभागो की बिगड़ी व्यवस्थाओं व बिगड़े हालोतो से आम जन काफी आहत एवं परेशान नजर आ रहा है।

कहा और माना जाता है कि पानी व बिजली जैसे आम जन से जुड़े सरकारी महकमो के हालात व व्यवस्थाऐं टीक रहना अति आवश्यक है। क्योंकि ये दोनो महकमे ऐसे हैं जिनसे हर आम जन जुड़ा रहता है। लेकिन जब इन दोनो महकमो के हालात की काफी बिगड़े हों और व्यवस्थाऐं बेकाबू हो तो आम जन का जीना भी दुभर हो जाता है। अब यदि मालपुरा क्षेत्र के बिजली महकमे की बात की जाए तो क्षेत्र में जब से गर्मी का भीषण प्रकोप बढ़ा है तब से ही बिजली महकमे की व्यवस्थाऐं भी लगातार बिगड़ती जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियो मई माह में 15 से 31 मर्ह तक का शट डाउन लेकर और मालपुरा क्षेत्र को टोडारायसिंह क्षेत्र के बावड़ी स्थित 132 जीएसएस से विद्युत सप्लाई का दावा किया। विभागीय अधिकारियो ने इसका मुख्य कारण यह बताया कि मालपुरा के केकड़ी स्थित 132 केवी जीएसएस पर आवश्यक मरम्मत व रखाव कार्य के साथ साथ बिजली की बढ़ती मांग को देखते हुए इस जीएसएस पर आधुनिकीकरण करने की बात कही गई थी। इन पन्द्रह दिनो की अवधि में शहरी क्षेत्र के प्रत्येक आम उपभोक्ता को कम वोल्टेंज की शिकायत रही। यह शिकायत भी इतनी अधिक रही थी कि काफी कम वोल्टेज आने के चलते घरो में लगे पंखे भी नहीं चल सकें। भीषण गर्मी के दौर में पंखे तक भी नहीं चलना आम जन के लिए भारी मुसीबत व परेशानी का सबब रहा। खेर आम जन ने 31 मई तक शांति रखी और कम वोल्टेज की परेशानहीयो को दबाए रखा। लेकिन 1 जून के बाद तक कम वोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आम जन का सब्र का बांध टूटने लगा। इन दिनो बिजली महकमे के हालात इतने अधिक बिगड़े नजर आते हैं कि भीषण और तेज गर्मी के दौर में आम जन को काफी कम वोल्टेज की समस्या से दो चार होने को मजबूर होना पड़ रहा है। इधर पानी जैसे महत्वपूर्ण महकमे की बात की जाए तो मालपुरा शहर में भीषण गर्मी के दिनो में पेयजल की अनियमित सप्लाई आम जन के लिए भारी परेशानी वाला साबित हो रहा है। वैसे विभागीय अधिकारियो ने गत दिनो आला अधिकारियो के निर्देशो का नाम लेकर पेयजल के समय घरो के नलो में लगाए जाने वाले बूस्टर जप्ती कार्रवाई की थी। इस जप्ती कार्रवाई के बाद जब पीड़ित लोग अपने बूस्टर लेने विभागीय कार्यालय पहुंचे तो पहले तो नियमो का हवाला देकर तीन माह बाद निर्धारित जुर्माना राशि जमा कराने के बाद बूस्टर देने की बात कही गई और जब ऊपर से लताड़ मिली और बूस्टर जप्त करने के स्थान पर अपनी व्यवस्थाओं में सुधार लाने ओर बेपरवाह कर्मवारियो पर लगाम कसने की बात कही गई तो अधिकारियो ने एक बार फिर नियमो का हवाला देकर तुरन्त जुर्माना राशि जमा कराओ और बूस्टर पाओ की बात कही। बूस्टर जप्ती अभियान के पीछे विभागीय अधिकारियो का तर्क यह था कि अन्तिम छोर के घरो में पेयजल पहुंचाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। लेकिन ऊपर की लताड़ मिली तो इस अभियान की हवा निकल गई। न तो अन्तिम छोर के घरो में पानी पहुंचा और पानी की समस्या से जूझ रहे आम जन को किसी प्रकार की राहत मिली। मालपुरा शहर में 48 धंटे में एक बार पेयजल की सप्लाई होती है। वो भी कई मौहल्लो में तो पांच से दस मिनट ही पानी आता हैं और दस मिनट बाद तो नलो में से पानी के स्थान पर हवा निकलती महसूस होती है। बूस्टर जप्ती अभियान की हवा निकलने के बाद बूस्टर लगाने वाले उपभोक्ता बेलगाम होकर खुले आम बूस्टरो से पानी खीच कर अपने नजदीक वाले उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। विभागीय अधिकारी अपने अपने कार्यालयो में एसी की हवा खाने के अलावा कुछ करते नहीं नजर आ रहे हैं। जनता परेशान और त्रस्त है। जबकि क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने पिछले कई दिनो से वर्तमान में सप्लाई हो रहे पेयजल की मात्रा बढ़ाकर आम जन को पेयजल की समस्या से छुटकारा दिलाने की बात कह चुके हैं। सरकार केवल सप्लाई होने वाले पानी की मात्रा बढ़ा सकती है। बढ़ी मात्रा के पेयजल को समुचित तरीके से सप्लाई करने का काम तो स्थानीय अधिकारियो को करना होता है जो अधिकारी नहीं कर अपने कर्तव्य एवं जिम्मेदारी से दूर होते नजर आ रहे हैं। इस तरह मालपुरा क्षेत्र के लोग पानी बिजली जैसे महत्वपूर्ण एवं आम जन से जुड़े महकमो की बिगड़ी व्यवस्थाओं व बिगड़े हालोतो के चलते परेशान होने को मजबूर होना पड़ रहा है। जिसके लिए केवल ओर केवल दोनो विभागो के स्थानीय अधिकारियो को ही जिम्मेदार माना जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। यहां अटल उद्यान (दशहरा मैदान) में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित हुई जिसमें ब्लॉक स्तरीय योग दिवस समारोह को लेकर बुधवार को उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में नगर पालिका परिसर में बैठक बुलाई गई।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. पीएल जांगिड़ ने जानकारी में बताया कि ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम शहर के अटल उद्यान (दशहरा मैदान) में आयोजित होगा। योग दिवस के इस अवसर पर सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर भी योगाभ्यास किया जाएगा। डॉक्टर जांगिड बताया कि बैठक में आयोजन स्थल की साफ सफाई, पेयजल, टेंट व्यवस्था, माइक, प्रचार प्रसार, मुख्य स्थलों के बड़े होर्डिंग समेत इत्यादि कार्यों की जिम्मेदारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दी गई है। इसी तरह कार्यक्रम स्थल पर यातायात कानून व्यवस्था व पुलिसकर्मियों की सुनिश्चितता थाना अधिकारी को दी गई है एवं आयोजन स्थल पर संपूर्ण देखरेख जनप्रतिनिधियों का गणमान्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था तहसीलदार को सौंपी गई है। इसी तरह योग दिवस पर जलपान, पेयजल व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, चिकित्सा विभाग की टीम की मौजूदगी समेत काम की जिम्मेदारी अलग-अलग अधिकारियों को दी गई। बैठक में शहर के प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

क्वाट्र्ज पत्थरों से भरे एक ट्रेलर व एक ट्रेक्टर जब्त

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। बरोनी थाना पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों से क्वाट्र्ज पत्थर से भरे हुए एक ट्रेलर व एक ट्रेक्टर को जब्त किया है। थानाधिकारी ओमप्रकाश जाट ने बताया कि एनएच 52 पर पुलिस थाने के सामने नाकाबंदी के दौरान एक ट्रेलर को रुकवा कर जांच की तो उसमें क्वाट्र्ज पत्थर भरा हुआ था। ट्रेलर में करीब 41टन क्वाट्र्ज पत्थर भरा हुआ था। ट्रेलर को मय क्वाट्र्ज पत्थर के जब्त कर थाने में खड़ा करवा दिया गया है। इसी प्रकार पुलिस गश्त के दौरान गांव किवाड़ा से एक ट्रेक्टर ट्रॉली को जब्त किया है जिसमें करीब 3 टन क्वाट्र्ज पत्थर भरा हुआ था। दोनों वाहनों के चालक व मालिक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है।

राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के चुनाव आज

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। श्याम वाटिका में गुरूवार को सुबह 10 बजे राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के वार्षिक चुनाव आयोजित होंगे। तहसील मंत्री सोहनलाल वर्मा ने बताया कि चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश संगठन मंत्री व चुनाव अधिकारी जिलाध्यक्ष धनसिंह राजावत, प्रदेश संयुक्त मंत्री रमेशचंद शर्मा की देखरेख में चुनाव संपन्न होंगे। पर्यवेक्षक व प्रदेश संगठन मंत्री हनुमानप्रसाद बैरवा ने अधिक से अधिक शिक्षको को संगठन के चुनाव में भाग लेने का आव्हान किया।

सेना भर्ती रैली की अंतिम तिथि 10 जुलाई तक बढ़ाई

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। सेना भर्ती के तहत उदयपुर में आयोजित होने वाली सेना भर्ती रैली की तिथि में संशोधन किया गया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सुरेश चौधरी ने बताया कि नवीन तिथि 1 से 10 जुलाई निर्धारित की गई है। साथ ही, एआरओ जोधपुर के अंतर्गत सेना भर्ती रैली के आयोजन स्थल में संशोधन कर सेना भर्ती रैली जोधपुर में आयोजित की जाएगी।

श्री केशव क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

बढ़ता राजस्थान

सिरस(नि.स.)।श्री केशव क्रिकेट क्लब सिरस के तत्वावधान में प्रथम नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता गुरूवार से शुरू होगी। शिवचरण योगी व शिवराज गुर्जर ने बताया की क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ठाकुर ब्रजराज सिंह व अध्यक्षता ठाकुर देवराज सिंह करेंगे। क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों में विजेता टीम को 51 हजार रूपए का नकद पुरस्कार व उपविजेता टीम को 21 हजार रूपए का नकद पुरस्कार क्लब की ओर से पारितोषिक के रूप में दिया जाएगा।

चार यात्रा कर सकुशल लौटे यात्रियो का परिषद ने किया स्वागत

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। मालपुरा शहर के अनेक मौहल्लो से गत दिनो पवित्र चार धाम की यात्रा करने के बाद सकुशल वापिस आने पर भारत विकास परिषद के जल मन्दिर पर परिषद ने अगवानी कर स्वागत किया।

भारत विकास परिषद के प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि गत मालपुरा शहर से श्रद्धालुओं का एक दल पवित्र चार धाम की यात्रा पर गया था। यह दल गुरूवार को अपनी यात्रा सकुशल पूरी कर वापिस लौटा। दल के वापस लौटने पर जयपुर रोड स्थित परिषद के जल मन्दिर पर अगवानी की सभी यात्रियो का स्वागत सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस दोरान परिष्द अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, एडवोकेट राजकुमार जैन, सचिव ताराकांत पाठक, वित्त सचिव ज्ञानचन्द जैन, अरविन्द टेलर, न्रवक्ता दिनेश विजय, डॉ. राजकुमार गुप्ता, कमलेश उपाध्याय, चेतन शर्मा, हरिराम सोनी, परिषद महिला प्रमुख पार्षद नेहा विजय, शशिकांत पाठक, अम्बिका विजय, कपिल दाधिच, जयनारायण जाट सहित परिषद के अन्य कई सदस्य व यात्रियो के दल के सभी सदस्य मौजुद रहे।

प्री काउंसलिंग व जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा (नि.स.)। अदालत परिसर में बुधवार को राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री काउसंलिंग/डॉर स्टेप काउंसलिंग शिविर तथा विधिक चेतना व जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

शिविर में मौजुद आम जन को जानकारी देते हुए एडीजे कृष्ण मुरारी जिदंल ने बताया कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस लोक अदालत का पक्षकारो को लाभ लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में समझोते व राजीनामे के आधार पर निस्तारित हुए मामले का कोई भी पक्षकार देश की किसी भी अदालत में पुन: शुरूअथवा लोक अदालत के फैसले को चुनोती नहीं दे सकता है। एडीजे जिदंल ने राष्ट्रीय लोक अदालत में राजीनामे की कार्रवाई के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा जानवानी ने विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं सहित बाल विवाह अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक यादव ने चिकित्सा विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं कृषि विभाग के सहायक निदेशक डॉ. महेश कुमार कुमावत ने किसानो की कृषि विभाग के सहयोग से कीटनाशक स्पे मशीन/पौध सरंक्षण संत्र का वितरण कर मौके पर ही किसानो को लाभान्वित किया। शिविर में रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कम्पनी के रामसिंह चौधरी ने किसानो को फसल बीमा योजना तहत पंजीकरण करवाने के बारे में जानकारी दी। तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के सचिव रवि कुमार जांगीड़ ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा विभाग की ओर से पक्षकार जांच शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विभाग के चेतन कुमार गुप्ता , खंड मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव चौधरी, अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन व अन्य कई प्रबुद्धजन मौजुद रहे। चिकित्साधिकारी डॉ. जीतराम मीणा ने मौजुद पक्षकारो के स्वास्थ्य की जांच की।

राष्ट्रीय लोक अदालत एवं डोर स्टेप काउंसलिंग के सफल आयोजन को लेकर देवली में बैठक हुई संपन्न

बढ़ता राजस्थान

दूनी, (नि.सं.) । राज्य सेवा विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के अनुपालन में तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एवं न्यायाधीश श्रीमती अनीशा शर्मा ने राष्ट्रीय लोक अदालत एवं डोर स्टेट काउंसिल के सफल आयोजन हेतु अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश दिए। तालुका सचिव बृजमोहन शर्मा ने बताया कि 13 जुलाई 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। बैठक के दौरान न्यायाधीश ने बताया कि लोक अदालत की तैयारी के दौरान 19 व 20 जून को विशेष डोर स्टेप काउंसलिंग का आयोजन रखा गया है। मीटिंग के दौरान उपस्थित उपखण्ड कार्यालय, पंचायत समिति, नगरपालिका, तहसील कार्यालय, चिकित्सा विभाग के अधिकारीगण को आमजन को सरकारी योजनाओं यथा राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड बनवाने तथा चिकित्सा आदि सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया गया। बैंक, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, टेलिफोन के अधिकारीगण को आमजन के खाते खोलने एवं वसूली हेतु लंबित खातों में प्रिलिटिगेशन प्रकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। थानाधिकारी देवली को लोक अदालत हेतु जारी नोटिसों की तामिल सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान विरेन्द्र शक्तावत तहसीलदार, राजकुमार नायक थानाधिकारी, पवन कुमार शर्मा अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका, डॉ जगदीश मीणा ब्लॉक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, हीना वैद्य जेईएन जलदाय विभाग, डीके जैन एईएन विद्युत विभाग, शिवजी सिंह मीना अतिरिक्त बीडीओ, अमरनाथ मीणा शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बडौदा, शिशिरंजन शाखा प्रबन्धक इण्डियन ओवरसीज बैंक, अनुराग चतुर्वेदी प्रबन्धक राजस्थान ग्रामीण क्षेत्रीय बैंक, विजय सिंह मीना सहायक शाखा प्रबन्धक कैनरा बैंक, रिंकेश शर्मा जेटीओ बीएसएनएल देवली उपस्थित रहे।

शतचंडी महायज्ञ को लेकर गणेश विदाई कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा(नि.स.)। नटवाड़ा-शिवाड़ बाईपास तिराहे पर स्थित बड़े तालाब पर प्रस्तावित माताजी के मंदिर परिसर में श्रृंगी ऋषि पीठाधीश्वर प्रेमदास त्यागी महाराज के सानिध्य में आयोजित नव दिवसीय 51 कुण्डीय शतचंडी महायज्ञ के सम्पन्न होने पर बुधवार को भगवान श्री गणेश जी को लड्डुओं का भोग लगाया गया और विधिवत विदाई दी गई। यज्ञ संचालन समिति, यज्ञ के यजमान एवं आचार्य ने गणेश जी पूजन कर प्रार्थना कर सुख-समृद्धि की कामना की। श्रदालुओ ने यज्ञ देवता एवं सन्तो के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया। ब्राह्मणों को भोजन करवा कर भेंट दी गई। विदाई महोत्सव में सैकड़ों श्रदालुओ ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर श्री गणेश को 101 मोदक का भोग लगा कर दूर्वा की आहुति दी गई। इसके पश्चात महाआरती में संपूर्ण विश्व में शांति और मानवता के कल्याण की प्रार्थना कर भगवान गजानन्द महाराज को विदाई दी गई। भक्तिमय आयोजन को सफल बनाने में यज्ञ समिति के संरक्षक पुण्यप्रताप करण, अध्यक्ष रामकरण जाट, उपाध्यक्ष शिवजी लाल जाट, महासचिव रामजी लाल झामरेल, कोषाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश बोकण, यज्ञ प्रभारी हंसराज बोकण, प्रचार मंत्री पावन जोशी, संगठन मातृ हेमराज शर्मा सहित समिति के सदस्य, पदाधिकारियों एवं ग्रामीणो का सहयोग रहा।

किसानों की समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। उपखंड अधिकारी कार्यालय में बुधवार को किसान महापंचायत के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। किसान महापंचायत के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी ने बताया कि दिन-रात खेती-बाड़ी को सुअरों द्वारा फसलो के उगाने से पूर्व ही नष्ट कर देते है जिसको लेकर सुअरों का सर्वेक्षण कार्य आरम्भ करके सुअरों को अभ्यारण में भिजवाया जाए, क्रय विक्रय सहकारी समिति द्वारा खरीद केंद्र पर अनियमितता की जांच करवाने व ईआरसीपी में निर्मित ईसरदा बांध से निवाई, टोंक पीपलू के सिंचाई से वंचित गांवों को नहरों से जोडने सहित कई समस्याओं की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने वालों में रामेश्वर चौधरी, युवा प्रदेश अध्यक्ष रामसहाय जाट, अध्यक्ष दशरथसिंह चौहान, उपाध्यक्ष मोहनलाल चौधरी, कोषाध्यक्ष शिवराज चौधरी सहित कई किसान मौजूद थे।

घर में घुसे कोबरा को स्नेक एक्सपर्ट शादाब अख्तर रिजवी ने रेस्क्यू किया

बढ़ता राजस्थान

देवली (नि.स.)। शहर की ज्योति कॉलोनी जैन मंदिर इलाके में बुधवार सुबह एक कोबरा सांप घर में घुस गया। सुबह-सुबह कोबरा देखकर लोग डर के मारे सहम गए। घर में घुसे कोबरा सांप की सूचना स्नेक एक्सपर्ट शादाब अख्तर रिजवी को दी गई । सूचना पाकर शादाब रिजवी मौके पर पहुंचे जहां स्नेक एक्सपर्ट रिजवी ने सांप का सुरक्षित रेस्क्यू किया और और कोबरा सांप को पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार कोबरा सांप स्टील फर्नीचर व फेब्रिकेशन व्यापारी रतन विश्नोई के मकान में घुस गया था। ऐसे में घर के मालिक बिश्नोई की नजर कोबरा सांप पर पड़ी । इस दौरान कोबरा सांप को बचाने के लिए विश्नोई ने शोर मचाना शुरू कर दिया । विश्नोई ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे उनके घर दूधवाला आया जिसने घंटी बजाई तो रतन विश्नोई बर्तन लेकर नीचे जाने लगे। इस दौरान उन्हें सीढ़ी पर चढ़ता हुआ कोबरा सांप दिखाई दिया। वह सांप को देखकर घबरा गए इस दौरान कोबरा सांप को भगाने के लिए उन्होंने फर्श लाठी फटकारी। जिस कोबरा नीचे उतर गया तथा सीढी के नीचे एक कोने में जाकर फन लगाकर बैठ गया। इस दौरान कॉलोनीवासियों व परिजनों ने सांप पर नजर रखी तथा स्नेक एक्सपर्ट शादाब अख्तर रिजवी को सूचना दी। सूचना पर रिजवी ने कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया। इस मौके पर रिजवी ने बताया कि यह कोबरा करीब तीन से चार फीट लंबाई का है। तथा निश्चित तौर पर कोबरा प्रजाति का है। रेस्क्यू किए जाने के बाद कॉलोनी के आसपास के लोगों व परिजनों ने राहत की सांस ली।

किसानों के खाते में आई दो हजार रुपए की किस्त, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान

नटवाड़ा(नि.स.)। केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब राज्य सरकार की ओर से भी किसानों को दो हजार रुपए अतिरिक्त सालाना मिलेंगे। मंगलवार को केन्द्र सरकार की ओर से किसानों के खाते में सम्मान निधि योजना की किस्त की राशि डाली गई। इस पर भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं ने बस चौराहा पर एकत्रित होकर खुशी जताई। पूर्व किसान मोर्चा अध्यक्ष रणजी लाल बोकण ने बताया कि केन्द्र में भाजपा सरकार बनने के बाद सरकार ने पहला काम किसानों के हित में किया। मंगलवार को सम्मान निधि की 17वीं किस्त की राशि किसानों के खाते में डाली गई। राज्य सरकार द्वारा भी किसानों के खातों में दो हजार रुपए सालाना डाले जाएंगे। डबल इंजन की सरकार किसानों के हित में जुट गई है। इस अवसर पर वाराणसी में हुए आयोजन का सीधा प्रसारण कस्बे में किया गया। कार्यक्रम में किसान निधि के प्रसारण के साथ कृषकों को कृषि उत्पादों की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारी रामदेव प्रजापत, बद्री विजय, श्याम जोशी, गुड्डू शर्मा, मुकेश कीर, सांवरा जोशी, शंकर मोठिया, आदि ने आतिशबाजी एवं नारेबाजी कर खुशी जताई।

वाहन स्वामी अपने वाहन पंजीकरण अवश्य कराएं- जिला परिवहन अधिकारी

बढ़ता राजस्थान

टोंक,(का.स.)। अपने वाहन के प्रथम पंजीयन दिनांक से 15 वर्ष पूर्ण होने पर पंजीयन प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण करवाया जाना आवश्यक है। जिला परिवहन अधिकारी संपतराम वर्मा ने बताया कि टीसीसी एवं एनओसी जारी होने वाले, चोरी एवं नष्ट हो चुके वाहनों को छोड़कर एवं 1 दिसंबर 2005 से 31 मार्च 2009 की अवधि में पंजीकृत वाहनों के स्वामियों ने अभी तक अपने वाहनों के पंजीयन प्रमाण-पत्र का नवीनीकरण नहीं करवाया है। ऐसे वाहन पंजीकृत नहीं माने जाएंगे।

शख्सियत

डॉ.जितेंद्र कुमार सोनी

(आईएएस)



हमारे आज शख्सियत कॉलम के सुपर हीरो हैं राजस्थान कैडर के डॉक्टर जितेंद्र कुमार सोनी इन्हें हम गुदड़ी के लाल भी कह सकते हैं। राजस्थान कैडर के बेहतरीन आईएएस अफसरों में से एक हैं डॉ. सोनी। ये अपने काम के सबसे जुदा अंदाज के चलते अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। जहां-जहां भी जिला कलेक्टर रहे हैं वहां लीक से हटकर काम किए हैं। जालौर में तो खुद की जान की बाजी लगाने की नौबत आई तो भी ये पीछे नहीं हटे और आठ लोगों की जिंदगी बचा ली। अब इनके काम को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।हनुमानगढ़ के रहने वाले हैं जितेंद्र सोनी अलवर जिला कलेक्टर पद पर रहते हुए अनेकों नवाचार किये। डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को भारत सरकार द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक प्रदान मिला। आईएएस डॉ. जितेंद्र सोनी मूलरूप से राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के धनसार गांव के रहने वाले हैं। किसान के बेटे हैं। शायद एक वजह यह भी ये किसानों की समस्याओं से बखूबी वाकिफ हैं और 'रास्ता खोलो अभियान ' अभियान भी चला चुके हैं।आईएएस जितेंद्र कुमार सोनी का जन्म 29 नवंबर 1981 को हनुमानगढ़ के किसान मोहन लाल सोनी के घर हुआ था। साल 2009 में अपने पहले ही प्रयास में यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा पास कर होम कैडर में ही आईएएस बन गए। ये काबिल आईएएस अफसर होने के साथ-साथ प्रखर वक्ता, मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। युवाओं को कॅरियर के लिए मोटीवेट करते रहते हैं।

. रास्ता खोलो अभियान, नागौर,चरण पादुका अभियान, जालौर,रक्तकोष फाउंडेशन, झालावाड़,स्कूल ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट, पालीआईएएस डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी अलवर, नागौर,झालावाड़ व जालौर में जिला कलेक्टर पद पर सेवाएं दे चुके हैं। इनके अलावा सिरोही के माउंट आबू में एसडीएम, पाली में असिस्टेंट कलेक्टर व जयपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी रहे हैं। जिला कलक्टर रहते हुए इन्होंने कई शानदार अभियान चलाए। फिलहाल ये राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक के रूप में अपनी बेहतरीन सेवाएं पूरे राजस्थान की मेडिकल सुविधाओं के जरिए लोगों तक अपनी सेवाएं पहुंचा रहे हैं। हर व्यक्ति के चहेते हर आदमी के मन के एक कोने में स्थान बनाए हुए हैं। इनके सरल, सहज और संवेदनशील व्यक्तित्व के लिए हमारे पास कोई शब्द नहीं है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। हमने काफी करीब से इनके द्वारा की गई जनसुनवाई बतौर जिला कलेक्टर अलवर देखी। मुझे ऐसा महसूस हुआ कि सच में अधिकारी इस स्तर पर होना चाहिए की जनसुनवाई कागज और ज्ञापन न रहकर अंतिम बिंदु तक पहुंचे और परिवादी या पीड़ित को त्वरित लाभ मिले या उसकी समस्या का निस्तारण हो। अंत में उनके लिए एक बात कहना चाहूंगा मैंने कभी इन्हें इरिटेट होते नहीं देखा जबकि काम के तनाव और राजनीतिक गतिविधियों के चलते इ अधिकतर जिला अधिकारी इरिटेट हो जाते हैं। हमेशा हंसते हुए मुस्कुराते हुए चेहरे के बीच में छुपे हुए इस व्यक्तित्व को ही शायद जितेंद्र सोनी कहते हैं।

विज्ञान भारती राजस्थान में पौधारोपण अभियान के तहत लगाएगी एक करोड़ पौधें

अलवर से हुई अभियान की शुरुवात, हुआ पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। संपूर्ण विश्व में पारिस्थितिकी तंत्र प्रकृति के असंतुलन से गड़बडाया हुआ हैं, जिसके कारण पूरी पृथ्वी भयंकर तापमान को झेल रही हैं और आलम यही रहा तो वो दिन दूर नहीं ज़ब तापमान 52 से 55 डिग्री सल्सियस तक पहुंच जायेगा, ऐसे ताप वार से बचने का केवल एक ही उपाय हैं पारम्परिक स्थानीय पौधों का का अधिकाधिक रोपण एवं उनका परिवार की तरह संरक्षण करना ।

इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए विज्ञान भारती राजस्थान इकाई नें सम्पूर्ण राजस्थान में न केवल 1 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा हैं बल्कि आगामी 3 वर्षो तक उन पेड़ों की संभाल कर हमारे जंगलो को पुनर्जवित करने एवं , पारिस्थितिक तंत्र को पुनः स्थापित करने का संकल्प लिया हैं।

इसी अभियान के तहत आज अलवर से इस अभियान का आगाज हुआ जिसके तहत विज्ञान भारती अलवर की टीम के साथ कार्य योजना बनाने के लिए बैठक आयोजित की गई जिसमे नगर के अविकसित पार्क या अन्य खाली जगह को प्रशासन की अनुमति से गोद लेकर उसमे नीम,पीपल व बरगद के वृक्ष लगाकर जैव विविधता को संरक्षित करने पर कार्य किया जायेगा ‖ केशव कृपा कार्यालय पर विज्ञान भारती के प्रदेश सचिव डॉ मघेद्र शर्मा द्वारा प्लांटेशन ड्राइव पोस्टर का विमोचन किया गया । इस अवसर पर विज्ञान भारती से डॉ अतुल गुप्ता, डॉ भवानी शंकर शर्मा, डॉ अनूप प्रधान, ‖ श्री किशन गुप्ता, डॉ पवन कुमार, डॉ नरेश जैन, सौरभ कालरा, निर्मल प्रकाश सूरा, पायल सैनी, वेद राठौड़, मोहित डुडेजा सहित सूर्यकान्त भारद्वाज उपस्थित रहे।

खेड़ली जैन मंदिर प्रकरण

एसआई ने बदनीयती व जल्दबाजी में की कार्यवाही

खेडली जैन मंदिर मामले में ईओ पर भी कार्रवाई की मांग

20 को आमरण अनशन की चेतावनी, जांच मे एसआई दोषी पाया गया

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। खेडली श्वेतांबर जैन मंदिर की रेलिंग तोड़ फोड करने के विरोध में जैन व जैनेत्तर समाज ने खेड़ली नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को भी दोषी मानते हुए कार्रवाई की मांग की है वही 20 जून को आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी दी ।

हालांकि उपखंड अधिकारी कठूमर ने अलवर जिला कलेक्टर आशीष गुप्ता को लिखे पत्र में सफाई निरीक्षक एस आई विजय कुमार शर्मा को ही दोषी माना है। मामले की जांच खेडली नायब तहसीलदार लक्ष्मण गुप्ता द्वारा कराई गई। जांच रिपोर्ट में सफाई निरीक्षक एसआई की संदिग्ध भूमिका का होना उपखंड अधिकारी ने बताया । उल्लेखनीय की खेडली कस्बे में नगर पालिका द्वारा रेलवे स्टेशन के समीप 64 साल पुराने श्री श्वेतांबर पालीवाल जैन मंदिर पर 12 जून को सुबह सफाई निरीक्षक एसआई विजय कुमार शर्मा ने जेसीबी ले जाकर अतिक्रमण के नाम पर तोड़फोड़ की जिस पर जैन व जैनेत्तर समाज मे आक्रोश उत्पन्न हो गया। यह निंदनीय घटना पूरे देश में आग की तरह फैल गई जिससे पूरे देश के अल्पसंख्यक जैन समाज में रोष व्याप्त है।

इधर,,जैन व जैनेंत्तर समाज ने खेड़ली नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी को भी दोषी मानते हुए कार्रवाई की मांग की है।

शिक्षक स्थानांतरणों की नीति बनाकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित शिक्षा विभाग में जल्द तबादले शुरू किए जाएं

राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर(नि.स.)। राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश शेरसिंह चौहान की अध्यक्षता में होटल गणगौर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा मौजूद रहे।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि पिछली सरकार की अनदेखी के चलते शिक्षा विभाग का पूरा ढांचा बिगड़ा हुआ पड़ा है। पिछले तीन चार सत्रों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक की पदोन्नतियां नहीं होने से प्रदेश के स्कूलों में हजारों वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता व शिक्षा अधिकारियों के पद रिक्त होने से एक जुलाई से शुरू हो रहे नए सत्र में विद्यार्थियों का शिक्षण कार्य प्रभावित होगा ,वही बिना सक्षम अधिकारियों के प्रदेश के अधिकतर शिक्षा अधिकारी कार्यालयों की व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं।

प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश के स्कूलों में 20 हजार से अधिक शिक्षक एक साल से अधिशेष चल रहे हैं, लेकिन उनका समायोजन नहीं किया जा रहा है। प्रदेश में हजारों शिक्षकों को तीन से चार महीने से वेतन की समस्या से जूझना पड़ रहा है। प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने कहा कि पिछले 6 सालों से तबादला नीति बनाने और लागू करने के नाम पर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं कर सबसे बड़े शिक्षक संवर्ग की अनदेखी की जा रही है जिसे अब और बर्दास्त नहीं कर जल्द राज्य व्यापी आंदोलन शुरू किया जायेगा ।

बैठक में अखिल राजस्थान कर्मचारी संयुक्त महासंघ प्रदेश अध्यक्ष महावीर प्रसाद शर्मा ने कहा कि किसी भी लोक सेवक के लिए पेंशन बुढ़ापे का सहारा होती है। ऐसे में केंद्र सरकार को पूरे देश में पुरानी पेंशन योजना को लागू कर राज्य में इसे यथावत रखने, आगामी बजट में आठवें वेतन आयोग की घोषणा करने तथा लंबे समय से चली आ रही शिक्षक कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों को दूर कर केंद्र के समान वेतन मान देने की मांग रखी ।

बिजली की अघोषित कटौती के विरोध में एक्सईन को दिया ज्ञापन

अगर समय रहते बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो एक्सईएन ऑफिस पर देंगे धरना -संजय यादव

बढ़ता राजस्थान

बहरोड़ (सुभाष यादव)। बहरोड़ शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती से परेशान लोगों ने बुधवार को पीसीसी सचिव और विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी रहे संजय यादव के नेतृत्व में बिजली निगम के एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। दिन और रात के समय लंबी बिजली कटौती की जा रही है।जिससे पूरी विधानसभा क्षेत्र के लोग परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर समय रहते बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो वे एक्सईएन ऑफिस के बाहर धरना देंगे। यदि उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो सबसे पहले बिजली निगम के सरकारी ऑफिस में बिजली सप्लाई बंद करेंगे।

जिस पर डिस्कॉम के एक्सईएन केएम शर्मा ने कहा यह समस्या बहरोड़ में नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में है। पहले की तुलना में अब बिजली कटौती कम की जा रही है और भविष्य में और सुधार किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान बहरोड़ ब्लॉक अध्यक्ष विकास यादव,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष धर्मवीर आर्य,रंगराव प्रधान, दलीप अधाना, ताराचंद वाल्मीकि पार्षद , राज राजेश्वर सिंह, पंकज शर्मा, अनीश राव,राजसिंह यादव ,लीलाराम सैनी, गुलाब प्रजापत, रिंकू वाल्मीकि सुभाषचंद, संजय सरपंच, नरेंद्र यादव , योगेश यादव , नितिन यादव , जितेंद्र यादव, अनिल एडवोकेट ,विनीत एडवोकेट, शीशपाल , अवधेश, लोकेश , देवेंद्र राघव , घनश्याम मुकेश उमेश बलराज सहित काफी कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

नगर पालिका बोर्ड की साधारण सभा की बैठक आज,विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा

प्रतिनिधियों के भाग लेने पर संशय

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर(राजू शर्मा)। बाड़ी नगर पालिका मंडल के साधारण सभा की बैठक आज गुरुवार को 03 बजे से शहर के पंचायत समिति सभागार में आयोजित किया जाएगी। बैठक में अध्यक्ष के नेतृत्व में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया की बाड़ी नगर पालिका मंडल के साधारण सभा की बैठक का आयोजन 3 बजे से शहर की पंचायत समिति सभागार में किया जाएगा। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी के नेतृत्व में शहरी इंटरलॉकिंग नरेगा के कार्यों के भुगतान पर विचार होगा,नगर पालिका के स्वामित्व की भूमि की नीलामी पर विचार होगा। कार्योत्तर स्वीकृति अनुमोदन पर विचार होगा। ऑडिट पैराओ की कार्यों का स्वीकृति पर विचार होगा। वृक्षारोपण,संविदा कर्मचारियों को रखना,बसेड़ी रोड चौराहे के नामकरण,नगर पालिका की आय बढ़ाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर भी चर्चा की जाएगी। इस बैठक में क्षेत्रीय सांसद,बाड़ी विधायक सहित नगर पालिका के पार्षदगण,कनिष्क अभियंता सहित पालिका के विभिन्न शाखाओ के प्रभारी आमंत्रित किए गए है।

प्रतिनिधियो के भाग लेने पर संशय -नगर पालिका बोर्ड की बैठक में क्या पार्षदों की प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस पर संशय बना हुआ है।क्योंकि पूर्व में नगर निकाय और जयपुर स्वास्थ्य शासन विभाग के निर्देश हैं कि किसी भी प्रतिनिधि को पालिका की बैठकों खासकर एजेंडे से जुड़ी नगर पालिका के साधारण सभा की बैठकों में प्रवेश नहीं दिया जाए लेकिन इस बैठक में प्रतिनिधि भाग लेते हैं या नहीं इस पर संशय बना हुआ है।

नंदराम बाबा के मंदिर पर हुआ भागवत कथा के समापन पर भंडारा

दो दर्जन से अधिक गाँवो के साथ बाड़ी शहर के हजारो की संख्या में पहुंचे लोग

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर(राजू शर्मा)। उपखंड के सहेड़ी गांव के पास रामसागर बांध किनारे लोक देवता बाबा नंदराम के आश्रम पर श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ पक्ष कथा के समापन पर बुधवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान नंदराम बाबा आश्रम से जुड़े आसपास के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों सहित बाड़ी शहर के हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी पाई। दोपहर 11बजे से शुरू हुआ भंडारा लगातार जारी है और लोगों का आने का सिलसिला अनवरत चल रहा है।नंदराम बाबा सेवा समिति के पदाधिकारी एवं भागवत कथा के परीक्षत बाबा गणेश जी दास ने बताया की मंदिर के श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के सहयोग से यह मद भागवत महापुराण यज्ञ पक्ष कथा का आयोजन 11 जून से किया गया। जिसमें मंगलवार को हवन एवं पूर्णाहुति यज्ञ का आयोजन हुआ। संत जगन्नाथ दास महाराज ने कथा का वाचन किया। ऐसे में कथा के सफल आयोजन पर आज बुधवार को भंडारा रखा गया है जो 11 बजे से शुरू किया गया है और प्रभु इच्छा तक अनवरत जारी रहेगा।

हजारों की संख्या में पहुंचे लोग,एक दर्जन से अधिक गांव की युवा कर रहे सहयोग - आश्रम पर आयोजित भागवत कथा के भंडारे में पिछले तीन दिन से तैयारी चल रही थी। जिसमें मालपुआ की और अन्य प्रसादी का निर्माण किया गया। दो दर्जन से अधिक गांव की युवा प्रसादी वितरण में सहयोग कर रहे हैं। हजारों की संख्या में लोगों को प्रसादी वितरित करने के लिए पंडाल लगाया गया है। सुबह 11 बजे से लोगों का प्रसाद के लिए आना लगातार जारी है।

स्थानान्तरण,डीपीसी,ओपीएस की मांग को लेकर शिक्षक देंगे आज धरना

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर(नि.स.)। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के द्वारा तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण शीघ्र खोलने,तृतीय श्रेणी अध्यापक,द्वितीय श्रेणी अध्यापक,व्याख्याता,उपप्राचार्य,प्रधानाचार्य की 3 वर्ष से अधिक लंबे समय से पेंडिंग डीपीसी करने,ओपीस को ही लागू रखने व पेंशन का आंध्र प्रदेश मॉडल लागू नहीं करने को लेकर प्रदेश स्तरीय धरना एसडीएम कार्यालय पर गुरुवार को सुबह 9 बजे से शाम 5ः30 तक संगठन के प्रदेश महामंत्री डॉ रनजीत मीणा के नेत्रत्व में धरना दिया जायेगा। धरने में प्रदेश अध्यक्ष गिरिराज शर्मा,संगठन मंत्री चंद्रभान चौधरी,जिला अध्यक्ष धौलपुर भगवान सिंह मीणा,ब्लॉक अध्यक्ष बाड़ी टीकम सिंह,चौल सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल होंगे।

राहुल गांधी के जन्मदिन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

54 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

बढ़ता राजस्थान

पावटा (शशिकांत शर्मा)। इण्डेन पेट्रोल पंप के पास बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 54 वें जन्मदिन पर एनएसयूआई के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जहाँ युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान करते हुए 54 यूनिट रक्त डोनिट किया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जांखड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान होता है। इससे बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अभिषेक चौधरी, एनएसयूआई प्रभारी साहिल शर्मा, जिला प्रभारी संजय चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए। वहीं रक्तदाताओं का हौसला अफजाई करते हुए मोवमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान पूर्व पार्षद तारा पूतली, राजेश गुर्जर, रामनिवास यादव, ओपी बायला, दिनेश पार्षद, जसवीर यादव, गणेश सैनी, अमित मीणा, बाबूलाल पार्षद, शंकर यादव, विकास कुमार, दौलत सैनी, शकील खान, विनय किराड़, विक्रम यादव, सचिन बायला, जयदीप मिर्धा, मनीष व्यास, दिनेश, नेकीराम, सुरेन्द्र बेड़ा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

सात साल से फरार आरोपी गिरफ्तार : लूट के मामले में थी तलाश, गांव रहन के मोड़ से पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी/धौलपुर(नि.स.)। बाड़ी शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर डीएसटी टीम के सहयोग से सात साल से फरार चल रहे लूट के आरोपी को गांव रहन के मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी 24 भैंसों की लूट के मामले में वांछित है। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक सुमित महरेड़ा द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ को लेकर एक विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत बाड़ी सीओ नरेंद्र कुमार के सुपरविजन में यह कार्रवाई की है। फरार चल रहे 62 वर्षीय आरोपी भरत सिंह पुत्र निर्भय सिंह गुर्जर निवासी ऐतराज का पूरा खिरकारी थाना बाड़ी सदर को गिरफ्त में लिया है। डीएसटी टीम और थाने की विशेष टीम ने गांव रहन के मोड़ से आरोपी को पकड़ा है। जो 24 भैंसों की लूट के मामले में पिछले सात साल से फरार था।

आमजन को गंगा लहरी ठण्डाई का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। निर्जला एकादशी पर्व पर कस्बा समेत आसपास के क्षेत्र में जगह-जगह आमजन व राहगीरों को मीठा पानी पिलाया गया। प्रागपुरा कस्बा के राधे - राधे परिवार द्वारा भी श्री गिरिराज महाराज के गोर्वधन जी परिक्रमा मार्ग स्थित दरोगा टेंट हाऊस पर आमजन को गंगा लहरी ठण्डाई का वितरण किया गया। पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल ने बताया कि राधे राधे परिवार भक्तिभाव से धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर स्वैच्छिक रुप से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है। इस दौरान भूदेव शास्त्री, त्रिलोक चंद शर्मा, सत्यनारायण शास्त्री, शिंभू दयाल गुप्ता, नवल गर्ग मेडिकल वाला, शिवचरण अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, एडवोकेट नवीन मीना, राजेश दीक्षित, टेशू गोयल, ध्रुव गोयल, पंडित राजकुमार शर्मा, नारायण दत्त तिवारी, राधे श्याम सैनी, गिरधारी सिंह शेखावत, कुशाल दीक्षित, वाशु शर्मा, भरत सिंघल, टेक चंद शर्मा समेत राधे राधे परिवार के सदस्यगण मौजूद रहे।

राष्ट्रीय करणी सेना के वीरेंद्र सिंह केरोड़ी बने कोटपूतली जिला अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

पावटा (नि.स.)। राष्ट्रीय करणी सेना की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवसिंह शेखावत के निर्देशानुसार वीरेन्द्र सिंह केरोड़ी (राजनोता) को कोटपुतली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया इस नियुक्ति पर विकास सिंह शेखावत कैरोड़ी व नरेन्द्र सिंह कैरोड़ी ने बताया की इससे संगठन मे मजबूती मिलेगी। इस मौके पर समस्त राष्ट्रीय कार्यकारिणी के द्वारा नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को तलवार भेट की गई वीरेन्द्र सिंह केरोड़ी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष और सभी पदाधिकारियों का आभार जताया । इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रामसिंह सुदरासन,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिग्विजय सिंह टाई,राष्ट्रीय महामंत्री गजराज सिंह सुंदरियावास,निम का थाना जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह,रविन्द्र सिंह केरोड़ी ,सुरेन्द्र सिंह ,सुनील सिंह कारोली,राहुलसिंह,शक्ति सिंह सहित अनेक पदाधिकारी और करणी सैनिक उपस्थित रहे ।

अस्पताल में मूलभूत सुविधाओं की सुनिश्चितता हो: सेवानिवृत्त पुलिस संगठन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। सेवानिवृत्त पुलिस संगठन ने एमबीएस चिकित्सालय में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने बाबत अधीक्षक से अनुरोध किया है।

संगठन के अध्यक्ष तेजराज सिंह ने एमबीएस चिकित्सालय कोटा के अधीक्षक को पत्र प्रेषित कर चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं के तत्काल निराकरण की मांग की है। पत्र के अनुसार शहर के सबसे बड़े राजकीय महाराव भीमसिंह चिकित्सालय में उपचार के लिए आने-जाने वाले रोगियों एवं परिचारकों को इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के अभाव में भंयकर परेशानी को सामना करना पड़ रहा है। इस समय ग्रीष्म ऋतु अपने यौवन काल में है तथा अत्याधिक तापमान के कारण त्राहि-त्राहि मची हुई है। ऐसे समय में चिकित्सालय में विभिन्न बीमारियों तथा दुर्घटनाग्रस्त रोगियों एवं उनके परिजनों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ न मिलना बेहद चिन्ताजनक है। यहां तक कि चिकित्सालय में उपलब्ध विहिलचेयर भी जीर्ण-शीर्ण हो गई है तथा उनमें से अधिकांश तो कार्यकारी अवस्था में भी नही हैं। इस कारण नि:शक्त मरीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने-ले जाने में घोर असुविधा हो रही है।

जिलाध्यक्ष ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर चिकित्सा सुविधाओं हेतु विशेष बजट का भी आवंटन किया जाता है किन्तु उसका उचित मद में उपयोग नही किये जाने के कारण आमजन इस प्रकार की न्यूनतम मौलिक सुविधाओं सें भी वंचित रह जाता है जो किसी भी दृष्टि से प्रशंसनीय नही है। संगठन के पदाधिकारियो द्वारा भी व्यक्तिगत रूप से चिकित्सालय में हालात का जायजा लिया जाकर इस प्रकार की अव्यवस्थाओं की पुष्टि की गई।

उन्होने अधीक्षक से चिकित्सालय में उपलब्ध पुरानी विहिलचेयर को तत्काल दुरस्त कराये जाने तथा अन्य अव्यवस्थाओं को भी चांक-चैबन्द करने के लिए अनुरोध किया है ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अतिरिक्त नई विहिलचेयर की उपलब्धता भी तत्काल सुनिश्चित करने सम्बन्धी मांग भी की गई है।

राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी की अध्यक्षता में विभिन्न क्षेत्रीय विभागीय अधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया।

जानकारी अनुसार आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौजदार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय विभिन्न विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे उपखण्ड अधिकारी राशमी गोविंद सिंह,तहसीलदार भगवती वैष्णव,थानाधिकारी श्याम राज,विद्युत विभाग के नरेंद्र गोस्वामी आदि विभागीय अधिकारी एवं कार्मिकगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन को लेकर आयोजित बैठक में प्रकरणों का राजीनामें के माध्यम से निस्तारण कराना तथा विभागीय प्रकरणों में प्री-काउंसलिंग कर अधिकतम प्रकरणों का राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझाइश से निस्तारण करने पर जोर दिया गया।इस दौरान उपस्थित विभिन्न विभागीय अधिकारियो द्वारा विभागों पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

ताल्लुका विधिक सेवा समिति सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के सफल आयोजन को लेकर ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी द्वारा सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौजदार की अध्यक्षता में लगातार क्षेत्र के विभिन्न विभागीय अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

सब्जीमंडी से अतिक्रमण हटाओ, नहरों में 1 जुलाई से पानी दो

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भारतीय किसान संघ कोटा महानगर तहसील की बैठक बुधवार को काला तालाब में आयोजित की गई। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर तथा जिला कार्यालय प्रमुख महावीर नागर ने विभिन्न विषयों पर बात की। बैठक में कोटा सब्जी मंडी में अतिक्रमण के विषय पर चर्चा की गई।

मंडी में अतिक्रमण के कारण किसानों को सब्जियां लेकर आने व मंडी में आवागमन में समस्या होती है। इस दौरान नहरों में 1 जुलाई से पानी छोड़ने तथा उससे पूर्व नहरों की सफाई करने की भी मांग की गई।

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस को जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी की अगुवाई में सादगीपूर्वक मनाया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन बुधवार को क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा जिलाध्यक्ष चौधरी की अगुवाई में गौशाला में गायों को चारा डालकर मनाया गया।कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा कांग्रेस के पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी के 54वें जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस चित्तौड़गढ़ अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी की अगुवाई में नगर के मुख्य मार्ग स्थित जेलेश्वर गौशाला जाकर गायों को हरा चारा खिलाया तथा क्षेत्रीय कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा सादगीपुर्वक कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्मदिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य मुकेश जटिया सुरपुर,पुर्व सरपंच तुर्कियाखुर्द बद्रीलाल जाट,जिला उपाध्यक्ष सैयद असलम अली,सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं अधिवक्ता मोहनलाल गाडरी, राकेश बारेगामा, शिवशंकर उपाध्याय, ललीत टांक, पार्षद लोकेश राव, गुड्डु खां, पंस सदस्य प्रतिनिधि संपतलाल अहीर,मोहम्मद इलीयास, प्रहलाद जाट,रामेश्वर अहिर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय संत बाबा बालकनाथ द्वारा कपासन के कांकरवा ग्राम में भव्य सत्संग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। अंतर्राष्ट्रीय संत एवं बेरवा समाज के धार्मिक गुरु बाबा बालकनाथ महाराज द्वारा क्षेत्र के कांकरवा ग्राम में मंगलवार रात्रि को भव्य सत्संग का आयोजन किया गया।इससे पूर्व धर्मसभा मंडप में आगमन पर कांकरवा ग्रामवासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर संत बाबा बालकनाथ का उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय संत बाबा बालकनाथ महाराज ने जब-जब जन्म धरू धरती पर संत समागम दीजो आदि धार्मिक भजन प्रस्तुत कर धर्मप्रेमी बंधुओं को आनंद विभोर कर दिया।साथ ही धर्मसभा में वीरम देव महाराज चापानेरी अजमेर,माधवदास मातृकुंडिया,छोगादास,बालूदास हापाखेड़ी, शंकरदास धमाणा,मांगीलाल मोतीखेड़ा, मंगनीदास,भैरूदास रामथली, खेमदास, रतनलाल उचनार द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किये गये।जिस पर धर्मप्रेमी बंधु एवं श्रद्धालुगण भक्तिरस में झूम उठे।अंतर्राष्ट्रीय संत बाबा बालकनाथ का कांकरवा ग्राम निवासी अंबालाल बेरवा एवं लालूराम बेरवा के आवास पर गुरु की चरण वंदना कर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर बेरवा विकास संस्थान संरक्षक एवं एडवोकेट मांगीलाल बेरवा, लालूराम बेरवा,बालू, प्यारचंद फतहनगर, भेरूलाल पारी,उदा बेरवा, बालूराम जाशमा,मनमोहन बेरवा, उदयराम, नारायणलाल सहित धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित रहे।उक्त कार्यक्रम का संचालन दलीचंद बेरवा द्वारा किया गया।

निर्जला एकादशी पर वीमेन्स सेल्फ मोटिवेशन क्लब द्वारा लगाई छबील

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। वीमेन्स सेल्फ मोटिवेशन क्लब प्रेरणा के सभी सदस्यों की ओर से निर्जला एकादशी पर भीषण गर्मी को देखते हुए एमबीएस अस्पताल परिसर में शरबत की छबील लगाई गई। क्लब फाउंडर उमा पाठक ने बताया कि करीब 2000 से अधिक राहगीरों , मरीजों , तीमारदारों , ओपीडी में आने वाले व्यक्तियों , दुकानदारों सभी को तीन से चार घंटे लगातार शरबत की सेवा दी गई और अपने हाथों से सभी सदस्यों ने शर्बत बनाकर मान - मनवार के साथ शरबत पिलाया, हाथ की पंखिया, फ्रूटी के पैकेट और फल वितरित किए। इस अवसर पर क्लब सह संचालक रमा नैयर, अध्यक्ष विनीत शर्मा ,मधु शर्मा, ज्योति सुवालका, पुष्पा गोयल ,पुष्प लता शर्मा, सरिता परियानी, संजना अग्रवाल, शकुंतला नुवाल,रेखा सेठिया ,सीमा शर्मा, रश्मि शर्मा,पूजा कत्याल ,विजय उपाध्याय , विमल भदोरिया,मालती दाधीच ,प्रवीण शर्मा ,रेनू चावला ,सलोनी उपाध्याय, शिल्पी मोदी सुजाता भार्गव,राजकुमारी अग्रवाल ,रानी शर्मा, मानसी अग्रवाल,कमलेश वाधवा, रविन्द्र दुबे आदि का विशेष सहयोग रहा।

कबीर जयंती सत्संग समारोह 22 के पोस्टर विमोचन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। कबीर पारख संस्थान एवं संत कबीर आश्रम सेवा ट्रस्ट कोटा के संयुक्त तत्वाधान में कोटा विनोबा भावे नगर स्थित कबीर आश्रम में संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब के 627 वी जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा 22 जून को संत प्रभाकर साहब के सानिध्य में विशाल सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके पोस्टर विमोचन के मुख्य अतिथि पंकज मेहता ने कहा की संत कबीर की वाणी आज भी प्रासंगिक है उनका ज्ञान सार्वभौमिक व जन कल्याणकारी है उनके बताएं मार्ग पर चलकर ही देश में शांति सद्भाव और समरसता कायम रह सकती है इस अवसर पर डॉ राकेश अग्रवाल, जी डी पटेल,

प्रो. टीसी गुप्ता, संदीप अग्रवाल चांदीवाला, हरिप्रसाद महावर, मोतीलाल वर्मा, वेद प्रकाश यादव,अजय कुमार, संत सुबोध दास,दया दास,निर्मल दास आदि उपस्थित रहे।

संत गुरुबोध दास व अनिल कुमार ने बताया की समारोह में देश के अनेक प्रदेशों से संत महात्मा व भजन गायक पधारेंगे। कार्यक्रम प्रात: 7 बजे ध्वजारोहण 8 बजे से 11 बजे तक सत्संग प्रवचन एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक सत्संग भजन गुरु पूजन व आरती का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

बीज एवं यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें-कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने कहा कि खरीफ और रबी सीजन में किसानों को पर्याप्त मात्रा में बीज एवं यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही इनके भंडारण की व्यवस्था भी की जाए। डॉ. गोस्वामी बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

जिला कलक्टर ने कहा कि कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरुप किसानों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक प्रयास करने होंगे। उन्होंने खरीफ और रबी के सीजन के समय किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाने एवं संवेदनशीलता के साथ किसानों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ ऑर्गेनिक खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें।

जिला कलक्टर ने किसानों के फसल खराबे के मुआवजे के बारे में बीमा कंपनी द्वारा स्पष्ट जानकारी नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बीमा कंपनी के प्रतिनिधि को किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला परिषद अशोक त्यागी, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार रमेश चन्द्र चण्डक सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

डिंपल मीणा की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। नगर निगम कोटा दक्षिण के उपमहापौर पवन मीणा के नेतृत्व में डिंपल मीणा की नृशंस हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया।श्री मीणा अतिथिगृह, अहिंसा सर्किल, आरके पुरम से शुरू होकर एलआईसी बिल्डिंग्स होते हुए घटोत्कच सर्किल, महावीर नगर तक शांतिपूर्ण तरीके से निकाला गया।इस मार्च में हज़ारों की संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए और उन्होंने डिंपल मीणा को न्याय दिलाने की मांग की। मार्च के दौरान सभी ने मोमबत्तियाँ जलाकर डिंपल की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने की मांग की।

पवन मीणा ने कहा, 卐यह मार्च हमारे समाज की एकता और न्याय की मांग का प्रतीक है। हम सभी डिंपल मीणा के लिए न्याय चाहते हैं और दोषियों को कानून के तहत कड़ी सजा दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आज का यह कैंडल मार्च इस बात का प्रमाण है कि हम अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर खड़े हैं।मार्च के दौरान हाड़ौती आदिवासी मीणा सामाजिक सुधार संघ, मीणा आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संघ कोटा, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति/जनजाति विकास परिषद, राजस्थान, और राष्ट्रीय मानव अधिकार एवम भ्रष्टाचार निवारण (भारत) सहित कई अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी अपनी सहभागिता से इस मार्च को सफल बनाया। मीणा समाज ने सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की है और चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही न्याय नहीं मिला, तो समाज का विरोध और भी प्रखर रूप ले सकता है।

समस्याओं के समाधान के लिए दो नगर निगम आवश्यक : सोनू कुरैशी

भाजपा एक निगम करेगी तो नहीं होंगे कार्य, आमजन काटेगा निगम के चक्कर

बढ़ता राजस्थान



कोटा (का.स.)। शहर में दो नगर निगम होने से समस्याओं का जल्दी निस्तारण होता है। एक-एक पार्षद की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाता है और उसके समाधान का प्रयास किया जाता है। कोटा में हालही में चर्चा में आया है कि भाजपा सरकार एक नगर निगम किए जाने की योजना पर विचार कर रही है, लेकिन यदि कांग्रेस के द्वारा किए गए दो नगर निगम को वापस से एक किया जाता है तो गंभीर समस्या उत्पन्न होगी। अलग-अलग नगर निगम होने से समस्याएं जल्दी सामने आती है और अधिकारी उन पर जल्दी एक्शन लेते हैं। सोनू कुरैशी ने कहा कि कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण नगर निगम बनाए जाने के बाद कांग्रेस सरकार में अभूतपूर्व विकास हुआ है। नाली, पटान, सड़क, पानी, बिजली, पार्क, शमशान और कब्रिस्तान सहित सैकड़ो कार्य कराए गए हैं। वार्ड पार्षदों ने जो भी समस्याएं बताई उसका समय रहते निस्तारण कांग्रेस की सरकार में किया गया। यही कारण है कि दो नगर निगम होने से अधिकारियों के काम में गुणवत्ता भी देखने को मिलती है और जवाब देही भी रहते हैं। यदि एक नगर निगम होगा तो अनेक पार्षद होंगे, अधिक पार्षद होने पर एक अधिकारी उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं कर पाएगा। और एक महापौर भी इतने बड़े शहर को कवर नहीं कर पाता और समस्याएं बढ़ती चली जाती है। जो सक्षम पार्षद हैं वह तो अपने कार्य करा लेंगे लेकिन अधिकाशं पार्षद की सुनवाई नहीं होगी। कोटा शहर में कुल 150 वार्ड है कि जिसमें कोटा दक्षिण में 80 और कोटा उत्तर में 70 वार्ड है। इन सभी वार्डों में दो महापौर दो उप महापौर होने से अधिकारियों की अलग-अलग व्यवस्थाएं की गई जिससे कि काम का निस्तारण जल्दी हुआ।

एकादशी पर शरबत का वितरण

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। श्री महाराणा प्रताप सेवा समिति की ओर से मंगलवार को निर्जला एकादशी के अवसर पर अनंतपुरा थाना के सामने ठंडे पानी के शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सोनू धाकड़, मुकेश मंगल, भंवर सिंह, लाला, प्रमोद, रवि, रवि गौड़, गणेश, लक्ष्य आदि ने सहयोग दिया।

पीएचईडी इंजीनियर्स की समस्याओं को लेकर सरकार से मिलेगा प्रतिनिधिमण्डल

राजस्थान कौंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स ने मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के समक्ष रखा मांगपत्र

बढ़ता राजस्थान

कोटा(का.स.)। राजस्थान कौंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स ने पीएचईडी विभाग के अभियंताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के समक्ष विस्तृत मांगपत्र रखा है। विभाग में अभियंताओं की लंबे समय से चल रही समस्याओं के निराकरण को लेकर कौंसिल पिछली सरकार के समय से आन्दोलन कर रही थी। ऐसे में बजट पूर्व सरकार की ओर से वार्ता के लिए राजस्थान कौंसिल ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स के प्रतिनिधिमण्डल को जयपुर बुलाया गया था। कौंसिल के अध्यक्ष इंजीनियर डीपी चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी से वार्ता की।

डीपी चौधरी ने बताया कि सरकार के समक्ष विभाग में लंबे समय से लंबित डीपीसी को अतिशीघ्र आयोजित कराने की मांग की गई है। इसके अलावा विभाग में इंजीनियर्स पर बिना पूर्ण जाँच एवं विश्लेषण के सीधे निलंबन या एपीओ किए जाने की कार्रवाई पर रोक लगाने, विभाग में नवनियुक्त अभियंताओं के फिक्सेशन में आने वाली समस्याओं को दूर करने, पदोन्नति में बजट घोषणा में घोषित दो साल के रिलेशन को बेच 2015 व अन्य योग्य अभियंताओं के लिए डीपीसी में अमल में लाए जाने की मांग की गई।

अध्यक्ष डीपी चौधरी ने बताया कि सरकार से वार्ता सकारात्मक रही है। सभी मांगों को लेकर मंत्री चौधरी ने आश्वासन दिया है। मंत्री ने गहन चर्चा करते हुए एक माह के अंदर डीपीसी प्रक्रिया पूर्ण कराए जाने का भरोसा दिया है। वहीं किसी भी शिकायत की पूर्ण जाँच व विश्लेषण के उपरांत ही दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही। मंत्री ने प्रमुख सचिव से वार्ता कर व कार्मिक विभाग से भी आने वाली अन्य समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया। वार्ता में कौंसिल की ओर से प्रांतीय अतिरिक्त महासचिव इंजीनियर विमल कुमार नागर व प्रांतीय संगठन सचिव दीक्षान्त मित्तल उपस्थित रहे।

युवक की हत्या कर कचरे में डाल किया आग के हवाले

जयपुर (का.स.)। सांगानेर सदर थाना इलाके में एक युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास में जुटी है। पहचान के बाद ही हत्या के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस के अनुसार तिवारी वाला बालाजी के पास एक 20 से 25 वर्षीय युवक का अधजला शव पड़ा मिला। मृतक के दाएं हाथ में कड़ा पहना हुआ है। हुलिए से मृतक मजदूर प्रतीत हो रहा है। घटना बुधवार सुबह करीब 6 बजे की है। शव पड़ा देखकर मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। पुलिस ने आस-पास के लोगों से मृतक को लेकर जानकारी जुटाई , लेकिन किसी ने भी उससे पहचानने से इंकार कर दिया।

शम्भूसिंह चौबदार का नागपुर मे अचीवमेंट अवार्ड से हुआ सम्मान

कोटा (का.स.)। नागपुर में भारत आर्ट सोसायटी की और से ऑनलाइन राष्ट्रीय चित्र प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आर्ट इवेंट मे देशभर से ऑनलाइन कला कृतियाँ आमंत्रित की गई थी। इन चित्रों मे से जूरी द्वारा पुरस्कार हेतु कला कृतियों का चयन किया गया था। इसी श्रंखला में कोटा बूँदी शैली के चित्रकार शंभूसिंह चौबदार को भी पुरस्कार के लिए चुना गया। एस. एस. चौबदार आर्ट गैलरी के सचिव रविन्द्र सिंह ने बताया कि कोटा, बूँदी कोटा, शैली के, प्रख्यात चित्रकार को वरिष्ठ चित्रकार की श्रेणी मे आर्टिस्ट ऑफ़ इंडिया, के तहत दो पुरुस्कार, मेरिट अवार्ड व अचीवमेंट अवार्ड मिला है। चौबदार को मोमेंटो दो सर्टिफिकेट व मैडल देकर अचीवमेंट अवार्ड व मेरिट अवार्ड से नवाजा है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

अजमेर रेलवे स्टेशन पर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला जयपुर के कनकपुरा में पकड़ा

बच्ची से मारपीट भी की थी, अस्पताल में चल रहा है इलाज

बढ़ता राजस्थान

अजमेर (नि.स.)। अजमेर रेलवे स्टेशन पर परिजनों के साथ सो रही एक 11 साल की नाबालिग बच्ची को अगवा कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने एक संदिग्ध को दबोचा है। मोबाइल लोकेशन के आधार पर जीआरपी थाना पुलिस ने संदिग्ध को जयपुर के कनकपुरा क्षेत्र से दबोचा। उसके बाद उसे अजमेर लाया गया। आरोपी नशेड़ी है। उसका मेडिकल भी जीआरपी थाना पुलिस ने करवाया है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले से परिवार अजमेर दरगाह जियारत के लिए आया था। जियारत के बाद परिवार रेलवे स्टेशन पर आकर ट्रेन के इंतजार में प्लेटफार्म पर ही सो गया था। मंगलवार रात को करीब 2.30 बजे एक अज्ञात बदमाश सोती बच्ची और सामान से भरे दो बैगों को लेकर फरार हो गया। बच्ची के शरीर पर गंभीर चोट के निशान भी देखे गए हैं।

स्टेशन पर बंद थे सीसीटीवी कैमरे

परिजन के पास से बच्ची को उठाकर बदमाश प्लेटफार्म नंबर चार पर खड़ी अजमेर-गंगापुर ट्रेन में उसे छोड़कर फरार हो गया। खास बात यह है कि अजमेर रेलवे स्टेशन पर 56 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, लेकिन बालिका को अपहरण कर ले जाने वाला अज्ञात बदमाश सीसीटीवी कैमरे में नजर नहीं आया। साथ ही बताया गया कि स्टेशन पर लगे 26 सीसीटीवी कैमरे खराब हैं।

पीड़िता का इलाज जारी

पीड़िता का अजमेर जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़िता के शरीर पर गंभीर चोट होने की बात कही जा रही है। बदमाश की हैवानियत में पीड़िता के दांत भी टूट गए। चिकित्सकों के मुताबिक पीड़िता की हालत स्थिर बनी हुई है।

मांस फेंकने पर अजमेर के किशनगढ़ में तनाव, बंद कराए बाजार

बढ़ता राजस्थान

किशनगढ़ (अजमेर)। अजमेर जिले के किशनगढ़ की सब्जी मंडी में चलती बाइक से किसी ने मांस के टुकड़ों से भरा थैला फेंका और चलता बना। इसके बाद बाजार में भीड़ जमा हो गई और प्रदर्शन करते हुए बाजार बंद करवाने लगी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाठीचार्ज कर भीड़ को मौके से खदेड़ दिया।

सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर एक बाइक सवार सब्जी मंडी के रास्ते से निकलता है। इसी दौरान वह बाइक से जानवर के अवशेष गिराकर चला जाता है। इसके बाद वहां मौजूद लोग गुस्सा हो गए। देखते ही देखते बाजार में भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने प्रदर्शन करते हुए बाजार को बंद करवाने की कोशिश की। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला बढ़ता देख लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ दिया। हालांकि माहौल बिगड़ने के कारण मुख्य बाजार बंद हो गया। मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात है।

मांस फेंकने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने की मांग

मदनगंज चौराहे से सटे ओसवाली मोहल्ला में सब्जी मंडी लगती है। इसी सब्जी मंडी में बाइक सवार युवक एक दुकान के बाहर मांस का फेंक कर गया था। बाइक सवार अपने साथ एक कट्टा ले जा रहा था। इसमें से मांस के टुकड़े सड़क पर फेंक दिए। बाइक सवार युवक तो वहां से निकल गया, लेकिन पीछे चल रहे लोग वहीं रुक गए। मांस को देखकर लोगों की भीड़ बढ़ती गई। दुकानदार भी दुकानों को छोड़कर बाहर आ गए। जैसे ही ये जानकारी फैली तो हिंदूवादी संगठन भी मौके पर पहुंच गए। लोगों की मांग है कि मांस ले जा रहे बाइक सवार की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए। हिंदूवादी संगठनों के लोगों का कहना है कि यह गोमांस है। फिलहाल पुलिस ने मौके से भीड़ को हटा दिया है और बाजार में फोर्स तैनात की है।

गुस्साई भीड़ को पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा, लोगों ने किया पथराव

थोड़ा सा धार्मिक तनाव हो गया था: एसडीएम

एसडीएम के अनुसार बाड़िया चौराहे पर किसी जानवर का मांस एक व्यक्ति ने जाने-अनजाने में गिरा दिया था। थोड़ा सा धार्मिक तनाव उत्पन्न होने की आशंका थी, लेकिन डीएसपी ने मौके पर जाकर हालात संभाल लिए। हमने शांति वार्ता कर लोगों से बात की। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि ये मांस भैंस का है। इसके बाद माहौल शांत हो चुका है। एक-डेढ़ घंटे की मॉनिटरिंग के बाद बाजार वापस खुलवा रहे हैं।

पुलिस पर पथराव, गाड़ी के कांच टूटे, चालक को चोट-पुलिस का कहना है कि जिस व्यक्ति ने मांस गिराया था, उसे डिटेन कर लिया गया है। कुछ लोगों ने जबरन बाजार बंद करवाने की कोशिश की थी, जिन्हें खदेड़ा गया। इस दौरान लोगों ने पथराव कर सीओ ग्रामीण सत्यनारायण यादव की गाड़ी के कांच तोड़ दिए। ड्राइवर गोपाल मीणा के 7 टांके आए हैं। दूसरी तरफ किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी ने एक्स (ट्विटर) पर लिखा- कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देंगे।

14 खरीफ फसलों की एमएसपी बढ़ाई

धान का एमएसपी 117 रूपये बढ़ाकर 2300 किया, 2 लाख नए गोदाम बनाने का टारगेट

नई दिल्ली। (बढ़ता राजस्थान)

केंद्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस बढ़ा दी है। केंद्रीय कैबिनेट में बुधवार को यह फैसला लिया गया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि धान की नई एमएसपी 2,300 रुपए तय की गई है, जो पिछली एमएसपी से 117 रुपए ज्यादा है। कपास की नई एमएसपी 7,121 रुपए तय की गई है। इसकी एक दूसरी किस्म की नई एमएसपी 7,521 रुपए कर दी गई है, जो पहले से 501 रुपए ज्यादा है। वैष्णव ने बताया ने कि देश में 2 लाख नए गोदाम बनाए जाएंगे। नई एमएसपी से सरकार पर 2 लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ेगा। यह पिछले फसल सीजन की तुलना में 35 हजार करोड़ रुपए ज्यादा है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि एमएसपी फसल की लागत का कम से कम 1.5 गुना होनी चाहिए।

तुअर दाल की एमएसपी में 400 रुपए की बढ़ोतरी

केंद्रीय कैबिनेट ने मक्का और दालों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस में बढ़ोतरी को भी मंजूरी दी है। तुअर दाल की एमएसपी को 550 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी को 450 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाने को मंजूरी दी है। इसके बाद अब तुअर दाल की एमएसपी बढ़कर 7550 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द दाल की एमएसपी 7400 रुपए प्रति क्विंटल हो गई है। इसके साथ ही मक्का की एमएसपी 135 रुपए प्रति क्विंटल और मूंग की एमएसपी 124 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाई गई है।

क्या है एमएसपी या मिनिमम सपोर्ट प्राइस

न्यूनतम समर्थन मूल्य वो गारंटीड मूल्य है जो किसानों को उनकी फसल पर मिलता है। भले ही बाजार में उस फसल की कीमतें कम हो। इसके पीछे तर्क यह है कि बाजार में फसलों की कीमतों में होने वाले उतार-चढ़ाव का असर किसानों पर न पड़े। उन्हें न्यूनतम कीमत मिलती रहे।

सरकार हर फसल सीजन से पहले ष्टष्टक्क यानी कमीशन फॉर एग्रीकल्चर कॉस्ट एंड प्राइजेज की सिफारिश पर एमएसपी तय करती है। यदि किसी फसल की बम्पर पैदावार हुई है तो उसकी बाजार में कीमतें कम होती हैं, तब एमएसपी उनके लिए फिक्स एश्योर्ड प्राइस का काम करती है। यह एक तरह से कीमतें गिरने पर किसानों को बचाने वाली बीमा पॉलिसी की तरह काम करती है।

हरियाणा कांग्रेस ने कहा- किरण चौधरी की विधायकी रद्द हो, स्पीकर को लेटर भेजा; विधायक ने सुबह बीजेपी जॉइन की, भूपेंद्र हुड्डा-टिकट कटने से नाराज थी

रेवाड़ी/चंडीगढ़। हरियाणा के पूर्व सीएम चौधरी बंसीलाल की पुत्रवधु व भिवानी के तोशाम से एमएलए किरण चौधरी और उनकी पूर्व सांसद बेटी श्रुति चौधरी ने बुधवार को दिल्ली जाकर बीजेपी जॉइन कर ली। हरियाणा के पूर्व सीएम व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और सीएम नायब सैनी ने बीजेपी नेताओं के साथ उनका स्वागत किया। इससे गैर जाट पॉलिटिक्स से 22% जाट वोटरों की नाराजगी झेल रही भाजपा को हरियाणा में बड़ा जाट चेहरा मिला है। इस बीच कांग्रेस ने किरण चौधरी की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के लिए स्पीकर ज्ञान चंद गुप्ता को लेटर लिखा है। इस पहले जॉइनिंग पर केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा, मेरा परिचय बहन किरण जी से उस समय से है जब हम बंसीलाल जी के साथ मिलकर काम करते थे। उनका शरीर कांग्रेस में रहा होगा, लेकिन मन इनका हमेशा बीजेपी में रहा है। सीएम नायब सैनी ने कहा, मैं पार्टी के अध्यक्ष होने के नाते भी किरण चौधरी और श्रुति चौधरी का स्वागत करता हूं। एक विश्वास दिलाता हूं कि प्रदेश और पार्टी का मुखिया होने के नाते किरण और श्रुति चौधरी को बीजेपी में परिवार की तरह मिलाकर हरियाणा को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। श्रुति चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर भाजपा में आई हूं।

वन मंत्री की पेट्रोलिंग: हाईवे पर पकड़ी अवैध वन सम्पदा

बढ़ता राजस्थान

दौसा (नि.स.)। दौसा जिले में हरे पड़ों की कटाई व लकड़ियों का अवैध परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। बुधवार को विभाग के दावों की पोल खुल गई, जब वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अवैध लकड़ियों से भरी पिकअप को पकड़ लिया। घटना के बाद वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और गाड़ी जब्त की।

दरअसल सुबह करीब 11 बजे वन मंत्री संजय शर्मा अलवर से जयपुर जा रहे थे। उन्होंने नेशनल हाईवे पर उनकी कार के सामने से लकड़ियों से भरी पिकअप को जाते देखा। इस पर उन्होंने पिकअप को रूकवाया और ड्राइवर से लकड़ियों के परिवहन के बारे में पूछताछ की, जिसका वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। वन मंत्री ने पिकअप ड्राइवर से लकड़ी ले जाने की परमिशन दिखाने को कहा तो उसने कहा कि लकड़ी ले जाने का परमिट उसके पास उपलब्ध नहीं है। इस पर मंत्री ने दौसा उप वन संरक्षक अजीत उचोई को मौके पर बुलाकर पिकअप की चाबी सौंपी और नियमानुसार सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएफओ से कहा कि लकड़ियों की अवैध कटाई एवं परिवहन को रोकें और आरा मशीनों की भी लगातार जांच करें। यदि जिले में कहीं भी अवैध रूप से आरा मशीनों का संचालन किया जा रहा है तो सख्त कार्रवाई करें। बता दें कि जिले के लालसोट, सिकंदरा, बांदीकुई, बालाजी व महवा इलाके में दर्जनों आरा मशीनें संचालित हो रही हैं।

केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली शराब नीति केस में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 3 जुलाई तक बढ़ा दी गई। केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उनकी न्यायिक हिरासत बुधवार 19 जून को खत्म हो रही है। केजरीवाल को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया था। सुनवाई के दौरान केजरीवाल के वकील ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की तरफ से न्यायिक हिरासत बढ़ाने का विरोध किया। कहा कि ईडी के पास ऐसा कोई तर्क नहीं है, जिसके आधार पर ज्यूडिशियल कस्टडी बढ़ाई जा सके। केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया गया था। 1 अप्रैल को वे तिहाड़ जेल भेजे गए। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को उन्हें अंतरिम जमानत दी थी। जमानत पर 21 दिन बाहर रहने के बाद 2 जून की शाम 5 बजे केजरीवाल ने तिहाड़ में सरेंडर किया था। सरेंडर करने के करीब 30 मिनट बाद ही केजरीवाल को 5 जून तक की ईडी की ज्यूडिशियल कस्टडी में भेज दिया गया था। इसके बाद उनकी कस्टडी 19 जून तक बढ़ाई गई।

ईडी का दावा- केजरीवाल का वजन 7 किलो घटा नहीं, 1 किलो बढ़ा-ईडी ने कोर्ट में दावा किया था कि केजरीवाल ने तथ्यों को दबाया और अपनी सेहत को लेकर झूठे बयान दिए हैं। उनका वजन 1 किलो बढ़ गया है, लेकिन वे झूठा दावा कर रहे हैं कि उनका वजन 7 किलो कम हो गया है।

50% महिला आरक्षण के विरोध में युवा सड़कों पर उतरे

बोले-पुरुषों का हक मारा जा रहा, भजनलाल सरकार पहले मंत्रिमंडल से करें शुरुआत



बाड़मेर (बढ़ता राजस्थान)

राजस्थान सरकार ने ग्रेड थर्ड टीचर भर्ती में महिलाओं का आरक्षण बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने पर बाड़मेर के युवाओं ने बुधवार को सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। हाथों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण हटाओ लिखी तख्तियां लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बाड़मेर बेरोजगार संघ के संयोजक देवाराम ने कहा- इस आरक्षण में पुरुष युवाओं का हक मारा जा रहा है। बाड़मेर बेरोजगार संघ के बैनर तले राजस्थान सीएम के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया है। हमारी मांग है कि जब तक जातिगत जनगणना नहीं हो, तब तक आरक्षण में किसी तरह का कोई फेरबदल नहीं किया जाए।

दरअसल, बीते दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण 30 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया। सीएम ने राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। इस फैसले से महिलाओं को रोजगार के अधिक अवसर मिलने की संभावना है। साथ ही सरकार का दावा है कि वे आत्मनिर्भर होकर सशक्त बन सकेंगी। बुधवार को इसके विरोध में बाड़मेर जिला मुख्यालय पर युवा महावीर पार्क में इकट्ठे हुए। वहां से रैली निकालकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान में हाथों में बढ़ा महिला आरक्षण हटाओ के स्लोगन लिए पहुंचे। कलेक्ट्रेट के आगे सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रही। स्टूडेंट्स का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर निशांत जैन से मिलने के लिए पहुंचा। वहां पर सीएम भजनलाल शर्मा के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को दिया।

एस जयशंकर का पहला दौरा बहुत है खास, चीन को लग सकती मर्ची, कई देश पहुंच रहे विदेश मंत्री

नई दिल्ली. विदेश मंत्री एस जयशंकर गुरुवार को श्रीलंका की यात्रा पर जाएंगे। अपने दूसरे कार्यकाल में यह किसी विदेशी देश की उनकी पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी। इसके अलावा, लोकसभा चुनाव के दौरान कच्चाथीवू द्वीप के भारतीय राजनीति में गर्म विषय बनने के बाद यह पहली यात्रा है। विदेश मंत्री जयशंका की श्रीलंका की पहली यात्रा भारत की पड़ोसी पहले की लंबे समय से चली आ रही नीति के बारे में बहुत कुछ बताती है। उनका यह दौरा बेहद खास भी है। ऐसा इसलिए क्योंकी चीन दशकों से श्रीलंका में अपना जाल बिछा रहा है। ऐसे में भारत की कोशीशों उसकी राह में रोड़ा बन सकती है। इसलिए विदेश मंत्री के दौरे से चीन को मिर्ची लग सकती है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग नृत्य और योग चेतना रैली

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के उपलक्ष्य में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया। संस्थान के परिसर में सुबह 6.00 बजे से योगाभ्यास का आयोजन हुआ, जिसमें 1500 से अधिक विद्यार्थियों, अध्यापकों, और सामान्य जन ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, राजस्थान सरकार की आयुष सचिव पूनम, ने योग की स्वास्थ्य उपयोगिता और आधुनिक जीवन में आयुर्वेद की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने संस्थान द्वारा योग के महत्व और चल रही प्रक्रियाओं पर बल दिया।

योगानृत्य के बाद, संस्थान प्रांगण से बडी चौपड़ हवामहल तक एक योग चेतना रैली का आयोजन हुआ, जिसे कुलपति और मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान और अपेक्स इंस्टिट्यूट के विद्यार्थी, अधिकारी, और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास सफल रहा।

दोपहर 1 बजे आयोजित पत्रकार वार्ता में कुलपति ने आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के आयोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का आयोजन 21 जून को जयपुर के प्रसिद्ध जन्तर-मन्तर प्रांगण में सुबह 6 बजे किया जाएगा। इस आयोजन में राजस्थान सरकार के गणमान्य विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है, तथा आम जनता के लिए भी निशुल्क व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें शामिल हो सकें और योग के फायदों का अनुभव कर सकें।

इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना है। आयोजन की व्यापक तैयारी और सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि योग दिवस ने सामाजिक स्वास्थ्य और सामुदायिक जुड़ाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।